जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, सोमवार 10 फरवरी, 2025



## विचार बिन्दु

**जिसने निश्चय कर लिया, उसके लिए बस करना बाकी रह जाता है।**
**–इटैलियन कहावत**

# काश! मुझे यह नहीं लिखना पड़ता कि मेरा माथा शर्म से झुका हुआ है!

मेरा माथा शर्म से झुका हुआ है। यह लिखकर भी मैं अपनी पूरी व्यथा का एक बहुत छोटा अंश ही सम्प्रेषित कर पा रहा हूं। मैं जन्मजात भारतीय हूं और मुझे अपने भारतीय होने पर गर्व रहा है, लेकिन अब लग रहा है कि मुझे अपने भारतीय होने पर गर्व करने का कोई अधिकार नहीं रह गया है? घमण्डी, बडबोले, बदमिजाज़ और अमानवीय डोनाल्ड ट्रम्प के अमरीका ने जिस वहशी और अपमानजनक तरीके से मेरे एक सौ चार नागरिक बंधुओं को भारत भेज कर हमारे स्वाभिमान को चकनाचूर किया है वह जितना दुखद है उससे भी ज़्यादा दुखद और लज्जाजनक यह है कि हमारे सरकारी वक्तव्य ने अमरीका के इस कृत्य को सहज स्वाभाविक बताया है। किसी भी संकट की घड़ी में हम अपने देश की सरकार से यह उम्मीद करते हैं कि वह हमारी रक्षा के लिए, हमारा मान बचाने के लिए आगे आएगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सरकार मुंह में दही जमाए बैठी है, जैसा वह पिछले काफी समय से करने लगी है। जब उसे अपना गुणगान करना होता है, बढ़-चढ़कर बातें करनी होती है, विपक्षियों पर प्रहार करना होता है,वर्तमान की असफलताओं का ठीकरा 1964 में दिवंगत हो चुके जवाहर लाल नेहरू के माथे फोड़ना होता है तब उसकी मुखरता देखते ही बनती है। हम विश्व गुरु हो जाते हैं, दुनिया की सुपरपॉवर बन जाते हैं, दुनिया के बड़े नेता हमारे नेता के निजी मित्र प्रचारित कर दिये जाते हैं, दुनिया भर के देशों में भाड़े की भीड़ जुटा कर अपनी जयजयकार करवा ली जाती है लेकिन जब देश पर किसी भी तरह का कोई संकट आता है तो हम मौन हो जाते हैं। और या फिर कोई इतर नाटक कर समस्या से ध्यान बंटाने का बेहूदा प्रयास करने लग जाते हैं। इस बार भी यही हुआ है लेकिन इस बार तो जैसे अति ही हो गई है।

अमरीका ने वहां अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को जिस अमानवीय और अपमानजनक तरीके से भारत भेजा उसके बारे में जानकर किसी भी भारतवासी का खून खौल सकता है। एक अमरीकी सैन्य विमान में 36 घण्टे से भी अधिक समय तक हाथों में हथकड़ी और पांवों में जंजीर बंधे पंजाबी लोगों को विमान में अपनी पगड़ी तक उतारने को मज़बूर किया गया। अमरीकी सैन्य विमान को दिल्ली में नहीं अमृतसर में उतारा गया और मीडिया को उसके पास भी नहीं फटकने दिया गया। यहीं यह भी याद कर लें कि अमरीका में अवैध रूप से केवल भारतीय ही नहीं रहते रहे हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार अमरीका में लगभग ढाई लाख चीनी भी अवैध रूप रह रहे हैं। लेकिन उनके साथ अमरीका ने ऐसा अपमानजनक बर्ताव नहीं किया। इसकी एक वजह शायद यह भी है कि दुनिया के किसी भी देश में अगर चीनी नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार होता है तो चीन तुरंत उस देश के कुछ नागरिकों को अपने देश की जेलों के भीतर कर देता है। चीन ने अमरीका के अनेक नागरिकों को सीआईए के लिए जासूसी करने या नशीली दवाएं बेचने के अपराध में जेल में बन्द कर रखा है. इसलिए अवैध रूप से अमरीका में रह रहे चीनी नागरिकों को किसी सैन्य विमान में हथकड़ियों-बेड़ियों में जकड़ कर चीन लौटाने की बात अमरीका शायद सोच भी नहीं सकता। वैसे सवाल यह भी है कि अमरीका अपने देश से अवैध नागरिकों को बाहर निकाले, यह तो ठीक लेकिन ऐसा करने के लिए उसे अमानवीय और अपमानजनक तरीका अपनाने की ज़रूरत क्यों पड़ी? क्या वह हमने अपनी औकात बताना चाह रहा था?

"उसने कुछ अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही करना चाहा। लेकिन उन्होंने क्या किया? एक छोटा-सा देश है कोलंबिया। जनसंख्या मात्र पांच दशमलव दो करोड़। अर्थव्यवस्था भी कोई ख़ास बड़ी नहीं, दुनिया में 39 वें नम्बर पर। याद रखा जाए कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बताते नहीं थकते हैं। अमरीका ने एक मालवाहक जहाज सी-17 से जब कोलंबियाई नागरिकों को कोलंबिया भेजा तो वहां के राष्ट्रपति गुस्तावोपेट्रो ने उस अमरीकी विमान को अपने यहां उतरने देने की अनुमति देने से मना करने का साहस दिखाया। पेट्रो ने कहा, प्रवासी अपराधी नहीं होता है और उसके साथ मनुष्योचित गरिमामापूर्ण बर्ताव किया जाना चाहिए। यही वजह है कि मैंने उन अमरीकी सैन्य वायुयानों को लौटा दिया है जो कोलंबियाई प्रवासियों को ला रहे थे। मैं नहीं चाहता कि मेरे देश के प्रवासी ऐसे देश में रहें जो उन्हें अपने यहां नहीं रखना चाहता है, लेकिन अगर वह देश उन्हें हमारे यहां भेजना चाहता है तो वह उन्हें उनके और मेरे देश के प्रति सम्मान और गरिमा के साथ भेजे। हम अपने साथी नागरिकों का स्वागत बिना उनके साथ अपराधियों जैसा बर्ताव किए, नागरिक विमानों में करेंगे। कोलंबिया का सम्मान बना रहे!" और अमरीकी विमान हवा में चक्कर लगाकर लौट गया। इसके बाद उस छोटे-से देश कोलंबिया ने अपने यहां से दो पैसेंजर वायुयान अमरीका भेजे और अपने नागरिकों को ससम्मान अपने यहां बुलाया। और केवल इतना ही नहीं, जब कोलंबियाई नागरिकों को लेकर ये विमान वहां की राजधानी बोगोटा पहुंचे तो ख़ुद राष्ट्रपति गुस्तावोपेट्रो उस जहाज के भीतर गए और अपने नागरिकों से कहा, "अब आप आज़ाद हैं और अपनी मातृभूमि पर हैं, आप निराश न हों। सरकार आपके लिए हर संभव मदद उपलब्ध कराएगी और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर कोलंबिया में इज़्ज़त की ज़िंदगी जीने में मदद करेगी.यह होती है एक ज़िम्मेदार सरकार। हमने क्या किया? अपने नागरिकों को अपमानित होने दिया। बेशक उनमें से बहुत सारे लोग ग़लत तरीकों से अमरीका गए थे। बहुत संभव है कि बहुत सारे ग़लत तरीकों से स्वेच्छा से न गए हों और ठगी के शिकार हुए हों। विचारणीय यह भी है कि जिस देश का मूल मंत्र जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपिगरीयसी है उस देश के नागरिक, और उस देश के नागरिक जहां हर इलाके में यह कथन प्रचलित है कि चाहे हम रूखा-सूखा खा लेंगे लेकिन अपना इलाका छोड़ कर अन्यत्र नहीं जाएंगे, वे क्यों अवैध तरीकों से अमरीका जाने की जुगत भिड़ाते हैं, और अगर जा पाने में सफल हो जाते हैं तो भी वहां निहायत अमानवीय हालात में रह कर अपना पेट पालते हैं! आप असंवेदनशील होकर बहुत आसानी से कह सकते हैं कि वे डॉलर की चकाचौंध में यह सब करते हैं, यथार्थ इतना सपाट नहीं है। असल में हम अपने नागरिकों के लिए पर्याप्त रोज़गार पैदा कर पाने में बुरी तरह नाकामयाब रहे हैं। भले ही चुनावों के दौरान हमने करोड़ों नौकरियां देने के वादे किए हों, वे वादे मूर्त रूप ले पाते इसके लिए हमने कुछ नहीं किया। ऐसे में अगर हमारे नागरिक इधर उधर जाने की जुगत भिड़ाएं तो वे गुस्से के नहीं सहानुभूति के पात्र हैं। और फिर इस सबके ऊपर, अंततः तो वे भारतीय हैं और उनकी परवाह अगर उनका अपना देश नहीं करेगा तो कौन करेगा? कोलंबिया के राष्ट्रपति अपने नागरिकों को आश्वस्ति प्रदान कर सकते हैं, हमारे बड़े नेताओं में यह संवेदनशीलता और मानवीयता क्यों नहीं है?

> **अमरीका ने एक मालवाहक जहाज सी-17 से जब कोलंबियाई नागरिकों को कोलंबिया भेजा तो वहां के राष्ट्रपति गुस्तावोपेट्रो ने उस अमरीकी विमान को अपने यहां उतरने देने की अनुमति देने से मना करने का साहस दिखाया। पेट्रो ने कहा, प्रवासी अपराधी नहीं होता है और उसके साथ मनुष्योचित गरिमामापूर्ण बर्ताव किया जाना चाहिए।**

बेशक अमरीका एक शक्तिशाली देश है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर कोई उसकी मनमानी को सर झुका कर स्वीकार कर ले। ज़रा देखें मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडियाशिनबाम ने ट्रम्प को क्या कहा है। उनका कहा एक-एक शब्द गौर तलब है: तो, आपने दीवार बनाने के लिए वोट दिया... खैर, प्यारे अमेरिकियों, भले ही आपको भूगोल के बारे में ज़्यादा जानकारी न हो, क्योंकि अमेरिका आपके लिए आपका देश है, महाद्वीप नहीं, इसलिए यह ज़रूरी है कि आप पहली ईंट रखे जाने से पहले ही पता लगा लें कि उस दीवार के पार 7 अरब लोग हैं।

लेकिन चूंकि आप वास्तव में 'लोग' शब्द नहीं जानते, इसलिए हम उन्हें 'उपभोक्ता' कहेंगे। 7 अरब उपभोक्ता 42 घंटे से भी कम समय में अपने को सैमसंग या हुआवेई डिवाइस से बदलने के लिए तैयार हैं।

वे लेवी की जगह ज़ारा या मासिमोडूटी भी ले सकते हैं।

छह महीने से भी कम समय में, हम आसानी से फ़ोर्ड या शेवरले की कारें खरीदना बंद कर सकते हैं और उनकी जगह टोयोटा, किआ, माज़दा, होंडा, हुंडई, वोल्वो, सुबारू, रेनॉल्ट या बीएमडब्ल्यू ले सकते हैं, जो तकनीकी रूप से उनके द्वारा उत्पादित कारों से बेहतर हैं।

वे 7 बिलियन लोग डायरेक्ट टीवी की सदस्यता लेना भी बंद कर सकते हैं, और हम ऐसा नहीं करना चाहते, लेकिन हम हॉलीवुड की फिल्में देखना बंद कर सकते हैं और अधिक लैटिन अमेरिकी या यूरोपीय प्रोडक्शन देखना शुरू कर सकते हैं, जिनमें बेहतर गुणवत्ता, संदेश, सिनेमाई तकनीक और सामग्री है।

हालांकि यह अविश्वसनीय लग सकता है, हम डिज्नी को छोड़ सकते हैं और कैनकन, मैक्सिको, कनाडा या यूरोप में एक्सकेरेट रिसॉर्ट जा सकते हैं: दक्षिण, पूर्वी अमेरिका और यूरोप में अन्य बेहतरीन गंतव्य हैं।

और भले ही आपको विश्वास न हो, मैक्सिको में भी मैकडॉनल्ड्स से बेहतर बर्गर हैं और उनमें बेहतर पोषण सामग्री है।

क्या किसी ने अमेरिका में पिरामिड देखे हैं? मिस्त्र, मैक्सिको, पेरू, ग्वाटेमाला, सूडान और अन्य देशों में अविश्वसनीय संस्कृतियों वाले पिरामिड हैं।

जानें कि प्राचीन और आधुनिक दुनिया के अजूबे कहाँ हैं... उनमें से कोई भी अमेरिका में नहीं है... ट्रम्प पर शर्म आती है, उन्होंने इसे खरीदा और बेचा होगा!

हम जानते हैं कि एडिडास मौजूद है, न कि केवल नाइकी और हम पैनम जैसे मैक्सिकन टेनिस जूते पहनना शुरू कर सकते हैं। हम जितना सोचते हैं, उससे कहीं ज़्यादा जानते हैं।

उदाहरण के लिए, हम जानते हैं कि अगर ये 7 बिलियन उपभोक्ता उनके उत्पाद नहीं खरीदते हैं, तो बेरोजगारी होगी और उनकी अर्थव्यवस्था (नस्लवादी दीवार के भीतर) इतनी ढह जाएगी कि वे हमसे इस बदसूरत दीवार को तोड़ने की भीख मांगेंगे।

हम ऐसा नहीं चाहते थे लेकिन.. आप दीवार चाहते हैं, आपको दीवार मिलती है। ईमानदारी से आभार के साथ।

मेक्सिको की राष्ट्रपति ने अमरीका को उसकी आर्थिक सीमाएं बताते हुए बेबाक धमकी दे डाली। लेकिन हम क्या करते हैं? हमारा सारा ज़ोर अपने देश के अल्पसंख्यकों की रोज़ी-रोटी छीनने तक सीमित रह जाता है। अमरीका जैसा देश हमारे राष्ट्रीय सम्मान को ध्वस्त करे तो हम ऐसा कोई प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन तक करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। काश! ऐसा साहस हमारी सरकार ने भी दिखाया होता। तब मुझे यह नहीं लिखना पड़ता कि मेरा माथा शर्म से झुका हुआ है!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# ये लक्षण विश्व गुरु के तो नहीं



**राजेन्द्र भाणावत**

5 फरवरी 2025 को तीन प्रमुख घटनाएं हुईं- पहली, दिल्ली विधानसभा के लिए मतदान, दूसरी, प्रयागराज में चल रहे कुंभ के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा और उनके द्वारा संगम पर किया नौका विहार और तीसरी, अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे 104 भारतीयों को लेकर अमेरिका के वायु सेवा के विमान का अमृतसर पहुंचना। इन तीन मुख्य घटनाओं में से एक का सभी राष्ट्रीय चैनलों पर भरपूर प्रसारण किया गया, विशेष कर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संगम में डुबकी लगाने के वीडियो दिन भर प्रत्येक चैनल पर निरंतर चलते रहे। इन दो घटनाओं के बीच में जो तीसरी घटना थी, वह मीडिया में कोई स्थान नहीं पा सकी। केवल सोशल मीडिया पर अवश्य, कभी कभार कुछ समाचार और वीडियो जरूर आ गए।

वैसे तो अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे भारतीयों को कई वर्षों से निरंतर यहां भेजा जा रहा है। इस बार डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही विदेशी अवैध नागरिकों के प्रति कड़ा रुख अपनाया गया। ट्रंप ने शपथ ग्रहण करते ही स्पष्ट कर दिया था कि अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे लोगों को, वे अपने-अपने देश में तत्काल भेज देंगे। स्वदेश रवाना करने से पूर्व इन्हें अमेरिका में नजर बंद रखा गया।

अमेरिकी वायुसेना का विमान जब 104 भारतीयों को लेकर, अमृतसर में 5 फरवरी को उतरा, तब इन सबके हाथों में हथकड़ी और पांवों में बेड़ियां थीं। इनमें 25 महिलाएं और 12 बच्चे भी थे। इनमें सर्वाधिक संख्या गुजरात, पंजाब हरियाणा के रहने वालों की थी। इस पूरी खबर को सभी प्रमुख मीडिया चैनलों ने लगभग ब्लैकआउट ही कर दिया गया था। जब सोशल मीडिया पर इसके समाचार और वीडियो प्रसारित होने लगे तो फिर संसद में संसद सदस्यों ने इस बारे में सरकार से जवाब तलब किया। इसे 145 करोड़ भारतीयों का अपमान बताया गया। यह विडंबना ही है कि जिस समय प्रधानमंत्री संगम में डुबकी लगा रहे थे, उसी समय 104 भारतीय नागरिकों को कैदियों या आतंकवादियों की तरह भारत लाया गया। मीडिया के किसी भी व्यक्ति को किसी भारतीय से बात नहीं करने दी गई।

यह उल्लेखनीय है कि भारत के साथ ही पांच अन्य देशों ग्वाटेमाला, पेरू, मेक्सिको, होंडुरास और कोलंबिया के नागरिकों को भी इसी प्रकार संबंधित देशों में भेजा गया। कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो ने अमेरिकी वायु सेना के विमान को अपने देश में उतरने की अनुमति नहीं दी और स्पष्ट कह दिया कि हम अपने नागरिकों को अपना विमान भेजकर बुला लेंगे। अमेरिका को इस बात पर सहमति व्यक्त करनी पड़ी। तब, कोलंबिया के रहने वाले अवैध नागरिकों को विशेष यात्री विमान के माध्यम से गरिमा पूर्ण तरीके से वापस कोलंबिया लाया गया। कोलंबिया पहुंचने पर वहां के राष्ट्रपति इन लोगों से मिलने वायुयान में गए।

प्रश्न यह है कि जब कोलंबिया के राष्ट्रपति अपने नागरिकों की गरिमा बचाए रखते हुए अमेरिकी सरकार को मजबूर कर सकते हैं कि कोलंबिया के विमान से उन्हें लाया जाएगा, तो भारत के प्रधानमंत्री ऐसा क्यों नहीं कर सके? यह एक प्रकार से, भारत की कूटनीतिक असफलता ही मानी जाएगी। यह सही है कि ये सब अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे थे और उन्हें वहां रहने का कोई अधिकार नहीं था।

भारत के प्रधानमंत्री मोदी, भारत की तेजी से होने वाली प्रगति का गुणगान करते रहे हैं और भारत को कई बार विश्व गुरु कहने से भी नहीं चूकते हैं। जिस प्रकार 104 भारतीयों को आतंकवादियों की तरह हथकड़ियों और बेड़ियों में झकड़ कर इन्हें अमानवीय तरीके से भेजा गया, वह किसी भी विश्व गुरु के लिए सम्मान का विषय तो नहीं ही कहा जा सकता।

कहा जाता है कि जिस विमान में भारतीयों को लाया गया, उसमें केवल एक टॉयलेट था और उसका उपयोग करते समय भी उसका दरवाजा बंद नहीं किया गया और न ही संबंधित व्यक्ति की बेड़ियां और हथकड़ियां खोली गईं। प्रधानमंत्री मोदी, स्वयं को ट्रंप का परम मित्र बताते रहे हैं और उन्हें उनके प्रथम नाम 'डोनाल्ड' से सार्वजनिक रूप से संबोधित भी करते हैं और उन्हें गले भी लगाते हैं। इन सब के बावजूद, भारत के प्रति अमेरिका का यह व्यवहार शर्मनाक है। इस बारे में भारत के विदेश मंत्री एवं विदेश मंत्रालय द्वारा किसी भी प्रकार का विरोध प्रकट न करना भी समझ से परे है।

भारत ने किस प्रकार अमेरिका के सामने समर्पण - सा कर दिया है, यह इसी से स्पष्ट होता है कि अमेरिका द्वारा भारत से आयात होने वाली वस्तुओं पर ड्यूटी बढ़ाए जाने के निर्णय से पूर्व ही, भारत ने संकेत समझते हुए अमेरिका से भारत में आने वाली हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क 20 प्रतिशत कम कर दिया ताकि उनका व्यवसाय यहां पर अधिक हो सके।

भारतीयों के साथ अमेरिका में कैसा व्यवहार किया गया, इसकी जानकारी तो जब लौटे हुए यात्री मीडिया से बात करेंगे, तब सामने आएगी। जो समाचार मिल रहे हैं, वे इस बात को स्पष्ट करते हैं कि उनके साथ गरिमा पूर्ण व्यवहार तो दूर की बात है, मानवीय व्यवहार भी नहीं किया गया। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 17000 भारतीयों को चिन्हित कर लिया गया है और शीघ्र ही इन्हें भी भेजा जाएगा।

अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे भारतीयों को वापस भेजने का क्रम कई सालों से चल रहा है, किंतु इस प्रकार से अपमानजनक रूप में उन्हें भेजने की कार्रवाई अमरीका द्वारा पहली बार की गई है।

कुल मिलाकर, हम तो यही कह सकते हैं कि जिस प्रकार का अपमानजनक व्यवहार अमेरिका ने भारत के साथ किया है, वह भारत के विश्व गुरु होने के दावे को एकदम ध्वस्त कर देता है। अब भी, भारत के विदेश मंत्रालय को विरोध दर्ज करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि वे इस प्रकरण को, जब भी ट्रंप से मिलेंगे, उनके समक्ष उठाएंगे।

यहां एक और प्रश्न विचारणीय है कि भारत से इतने सारे लोग अवैध रूप से अत्यंत कष्टप्रद परिस्थितियों में क्यों अमेरिका जाना चाहते हैं? कारण स्पष्ट है, भारत में रोजगार और गरिमा पूर्ण जीवन यापन करने के समुचित अवसर उपलब्ध नहीं हैं।

जो सरकार शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने का दावा करती है और देश को प्रगति के पद पर तेजी से बढ़ाने की बात कर रही है, उसे यह विचार करना चाहिए कि इतने अधिक लोग क्यों भारत की नागरिकता को छोड़ रहे हैं? अमेरिका में अवैध रूप से जाने वालों ने अपनी जमीन-जायदाद बेचकर लाखों रुपए एजेंटों को दिए हैं।यदि रोजगार के समुचित अवसर अपने ही देश में उपलब्ध हों तो भला क्यों कोई अपनी मातृभूमि को छोड़कर, विदेश में अमानवीय कष्ट सहने के लिए जाएगा?

गत कुछ समय से देखा गया है कि जब भी देश के समक्ष अटपटी स्थिति उत्पन्न होती है, प्रधानमंत्री मौन धारण लेते हैं, चाहे वह मणिपुर जाने का मामला हो, महाकुंभ में हादसे का मामला हो या फिर भारत के अपमान का मामला। देश उनसे यह अपेक्षा करता है कि वह अपनी ओर से देश को आश्वस्त करें कि वे किसी भी कीमत पर भारत के स्वाभिमान को ठेस नहीं लगने देंगे और जब भी किसी के द्वारा ऐसा करने का प्रयास किया जाएगा तो वे कड़ी कार्यवाही करेंगे।

सरकार को इसकी भी बहुत गहन जांच करनी चाहिए कि वे कौन लोग हैं जो भारतीय नागरिकों से बड़ी धनराशि लेकर, अच्छे जीवन के सपने दिखाकर अवैध रूप से अमेरिका भेजते रहे हैं? इस विषय पर अच्छी फिल्म 'डंकी' भी आई थी, जिसमें बताया गया था कि किस प्रकार भारतीयों की जान जोखिम में डालकर उन्हें विदेश भेजा जाता है। ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी आपराधिक कार्यवाही करके उन्हें सजा दी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इनके जाल में फंसने से भोले-भाले नागरिकों को बचाया जा सके। फिलहाल तो देश इस अपमानजनक व्यवहार पर प्रधानमंत्री और भारत सरकार से कार्यवाही की प्रतीक्षा कर रहा है।

**–राजेन्द्र भाणावत,**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# प्रभाशंकर उपाध्याय के व्यंग्य संग्रह "इनविजिबल इडियट" का विमोचन

## प्रभाशंकर उपाध्याय की यह सातवीं पुस्तक है, इससे पहले उनके नाश्ता मंत्री का गरीब के घर, काग के भाग बड़े सहित चुनिंदा व्यंग्य प्रकाशित हो चुके हैं

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। सूचना केंद्र में सवाई माधोपुर के सांस्कृतिक-साहित्यिक मंच बतलावण के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्तर के व्यंग्यकार कथाकार प्रभाशंकर उपाध्याय की पुस्तक "इनविजिबल इडियट" का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि राधेश्याम अटल ने की। विशिष्ट अतिथि हास्य कवि गोपीनाथ चर्चित गंगापुर सिटी थे। विमोचन समारोह में वरिष्ठ कवि ताऊ शेखावाटी ने भी शिरकत की।

उल्लेखनीय है कि प्रभाशंकर उपाध्याय की यह सातवीं पुस्तक है। इससे पहले उनकी नाश्ता मंत्री का गरीब के घर, काग के भाग बड़े, यादों के दरीचे, बेहतरीन व्यंग्य, बहेलिया (उपन्यास), चुनिंदा व्यंग्य प्रकाशित हो चुकी है। इस अवसर पर उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं रचनाशैली पर सवाई माधोपुर के ख्यातनाम कवि विनोद पदरज, पुस्तक की रचनाओं पर बात करते हुए कवि प्रभात ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के खतरों से आगाह किया। चिंतक डॉक्टर रमेश वर्मा ने उपाध्याय की रचना धर्मिता पर बात की। वरिष्ठ कवि शिव योगी ने लेखक के साथ एक पुराना संस्मरण साझा किया।




राष्ट्रीय स्तर के व्यंग्यकारप्रभाशंकर उपाध्याय की पुस्तक "इनविजिबल इडियट" का विमोचन हुआ।

जिला न्यायालय के प्रोटोकॉल एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रवीण शर्मा ने नाश्ता मंत्री का गरीब व्यंग्य कथा का स्मरण करते हुए लेखक के साथ अपने अनुभव बताए। अध्यक्षीय उद्बोधन में राधेश्याम अटल ने व्यंग्य, तंज कटाक्ष व हास्य के अंतर्विभेद को स्पष्ट करते हुए कहा कि पुस्तकों की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं होगी भले ही वर्तमान में मोबाइल का चलन ज्यादा है पर हमें पुस्तकों की ओर ही लौटना पड़ेगा। विशिष्ट अतिथि गोपीनाथ चर्चित ने उपाध्यायजी के बचपन से जुड़े संस्मरणों को सुनाया।

■ **कवि प्रभात ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के खतरों से आगाह किया**

कार्यक्रम में इंटेक के को-ऑर्डिनेटर पदम खत्री, प्रधानाचार्य, दिलीप शर्मा जिला अध्यक्ष निजी स्कूल संस्थान, चंदा राजावत, चित्रकार सुनीता, शशि, चंद्रशेखर शर्मा, राजेश शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, राम गोपाल गुणसारिया सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी और छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लघुकथा लेखक व जिला न्यायालय सवाई माधोपुर में वरिष्ठ मुंसरिम के पद पर कार्यरत अनिल कुमार जैन द्वारा किया गया।

# "बीकानेर थिएटर फेस्टिवल" को लेकर तैयारियां परवान पर

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर में आयोजित होने जा रहे बीकानेर थिएटर फेस्टिवल की तैयारियां परवान पर है। देशभर के चर्चित नाटक बीकानेर शहर के विभिन्न ऑडिटरियम में मंचित किये जाएँगे जिसे बीकानेर के आमजन अपने परिवार सहित निःशुल्क देख सकेंगे।

आयोजन समिति के टी एम लालाणी ने बताया कि फेस्टिवल का हिस्सा बनने के लिए इस बार उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ प्रदेश के जयपुर, जोधपुर, भीलवाड़ा से नाट्य दल बीकानेर आएंगे और अपने नाटकों का मंचन करेंगे। फेस्टिवल के दौरान देशभर के लगभग पांच सौ रंगकर्मियों का जमावड़ा बीकानेर में होगा और भारतीय रंगकर्म के वर्तमान स्वरूप, उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा की जायेगी।

आयोजन समिति के हंसराज डागा ने बताया कि इस बार बीकानेर थिएटर फेस्टिवल के दौरान नाटकों के मंचन के साथ प्रत्येक दिन देश के गुणी रंगकर्मियों के साथ युवा कलाकारों की मास्टर क्लास का आयोजन भी किया जाएगा। फेस्टिवल से जुड़े अर्थशास्त्री और शिक्षाविद् डॉ. पी एस वोहरा ने बताया कि इस साल के बीकानेर थिएटर फेस्टिवल में सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता राजेंद्र गुप्ता और हिमानी शिवपुरी अपना प्रसिद्ध नाटक 'जीना इसी का नाम है' प्रस्तुत करेंगे।

फेस्टिवल से जुड़े युवा रंगकर्मी सुनील जोशी ने बताया कि बीकानेर थिएटर फेस्टिवल के माध्यम से हमारे शहर के लोगो को थिएटर के प्रसिद्ध अभिनेताओं से रूबरू होने और अलग अलग तरह के मनोरंजक नाटकों को देखने का मौका मिलेगा। इस दौरान प्रदर्शनी और रंग-चर्चायें भी आयोजित होंगी। सभी नाटकों के मंचन में और रंग चर्चाओं में दर्शकों का प्रवेश निशुल्क होगा। आयोजन समिति के सदस्य विजय सिंह राठौड़ ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए एक परामर्श मंडल बनाया गया है।

## राशिफल सोमवार 10 फरवरी, 2025



**पंडित अनिल शर्मा**

माघ मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, सोमवार विक्रम संवत 2081, पुर्नवसु नक्षत्र सांय 6:01 तक प्रीति योग दिन 10:26 तक, कौलव करण प्रातः 7:12 तक, चन्द्रमा आज दिनांक 11:57 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति :** सुर्य-मकर, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-मिथुन, बुध-मकर, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या। आज सवार्थसिद्धी योग सांय 6:01 से सूर्यादय तक है। रवि योग सांय 6:01 से आरम्भ होगा। आज सोम प्रदोष व्रत कल्पादि है।

**श्रेष्ठ चौघडिया-** अमृत : सुर्योदय से 8:14 तक शुभ 9:42 से 11:09 तक, चर 02:05 से 3:33 तक लाभ अमृत 3:33 में सूर्यास्त तक, राहुकाल 7:30 से 9:00 तक, सुर्योदय 7:11 सूर्यास्त 06:11

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से सम्पन्न होंगे। व्यावसायिक आय मे वृद्धि होगी।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुऐ कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होंगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। सम्भावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्य से सम्बन्धित यात्रा सम्भव है। नौकरी पेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भाग-दौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियन्त्रण रखें। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**सिंह**
आर्थिक वित्तिय मामलों में सन्तुलन बनाये रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अनुबन्ध प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक सम्पर्क बनेंगे। दिन मे मध्यान्ह पश्चात अनावश्यक धन खर्च होगा।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
नवीन कार्यों के सम्बन्ध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नही है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुऐ कार्य बनने लगेंगे।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग समन्वय बना रहेगा। परिवार में परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नही है।

**मकर**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुऐ कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा है।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के सम्बन्ध में उचित सोच विचार हो सकता है। महत्त्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वन हो सकता है। स्वास्थ्य सम्बन्धित चिन्ता दूर होगी।

**मीन**
घर परिवार में अथितियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोन:- 2386031, 2386032 फैक्स:- 0744-2386033 वर्ष: 50 संख्या: 118 प्रभात कोटा, सोमवार 10 फरवरी, 2025 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा

## भाजपा विधायकों के असंतोष को कम करने के लिए विधानसभा सत्र से एक दिन पूर्व इस्तीफा हुआ

- **इस्तीफे से पहले बीरेन सिंह ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, फिर संबित पात्रा के साथ इंफाल आकर उन्होंने इस्तीफा दिया। नये मुख्यमंत्री का फैसला एक-दो दिन में होगा।**
- **कहा जा रहा है कि दिल्ली चुनावों की सफलता के बाद, भाजपा मणिपुर में कोई विरोध या विद्रोह से बचना चाहती है, ताकि पार्टी की छवि खराब न हो।**

इंफाल, 09 फरवरी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सिंह ने रविवार को मणिपुर के राज्यपाल ए.के. भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। नए मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन के अंदर लिया जाएगा। मणिपुर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष ए. शारदा, मंत्रियों, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा और कुछ अन्य विधायकों के साथ बीरेन सिंह ने राज्यपाल से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस्तीफे का फैसला लेने से पहले बीरेन सिंह ने रविवार सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की और रविवार को भाजपा नेता संबित पात्रा के साथ वापस आए। इंफाल लौटने के बाद उन्होंने इस्तीफा सौंप दिया।

सिंह ने पत्र में कहा, अब तक मणिपुर के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। मैंने हर मणिपुरी के हितों की रक्षा के लिए समय पर कार्रवाई व हस्तक्षेप किया। मैं विकास कार्यों और विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने केंद्र सरकार से इसे जारी रखने का अनुरोध किया।

उन्होंने केंद्र से सीमा पर घुसपैठ पर नकेल कसने और अवैध अप्रवासियों के निर्वासन के लिए नीति तैयार करने के लिए कहा।

राज्यपाल ने कथित तौर पर सीएम से कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करना जारी रखने के लिए कहा है।

भाजपा विधायकों द्वारा बीरेन सिंह के खिलाफ विद्रोह करने के बाद राजनीतिक संकट पैदा हो गया। मणिपुर विधानसभा का सत्र कल से शुरू होने वाला है।

माना जा रहा है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने अपने नेतृत्व के खिलाफ राज्य भाजपा में असंतोष को कम करने के लिए इस्तीफा दिया है, क्योंकि उनकी सरकार को कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव और शक्ति परीक्षण की संभावना है। कॉनराड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी के समर्थन वापस लेने के बावजूद भाजपा के पास संख्या बल मौजूद है, उसके बाद भी ऐसी संभावना थी कि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की मांग करने वाले विधायक फ्लोर टेस्ट होने पर पार्टी व्हिप की अवहेलना कर दें।

इसी संभावना को टालने के लिए मुख्यमंत्री ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत के बाद पद छोड़ने का फैसला किया। पार्टी सूत्रों ने कहा कि लगभग 12 विधायक नेतृत्व परिवर्तन पर जोर दे रहे हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के बीच भी मतभेद हैं। सूत्रों ने कहा कि दिल्ली चुनावों में भाजपा की सफलता को देखते हुए, भाजपा आलाकमान नहीं चाहता कि मणिपुर की स्थिति कोई अलग कहानी बनाए।

ज्ञातव्य है कि मणिपुर में सोमवार से ही विधानसभा सत्र शुरू होना था।

ज्ञातव्य है कि 60 सदस्यों वाली मणिपुर विधानसभा में कांग्रेस के पांच विधायक हैं। एक अन्य विपक्षी पार्टी एनपीपी के सात विधायक हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 32 विधायक हैं और उसे नगा पीपुल्स फ्रंट के पांच और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के छह विधायकों का भी समर्थन प्राप्त है। 60 सदस्यीय मणिपुर विधानसभा में तीन निर्दलीय विधायक और कुकी पीपुल्स अलायंस के दो विधायक भी हैं।

## अविश्वास प्रस्ताव के डर से बीरेन सिंह ने इस्तीफा दिया

- **कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, मणिपुर के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग मई 2023 से की जा रही है।**

नई दिल्ली, 09 फरवरी। कांग्रेस ने एन. बीरेन सिंह द्वारा मणिपुर के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने पर रविवार को प्रतिक्रिया दी। विपक्षी पार्टी ने इसे देर से उठाया गया कदम बताया और कहा कि लोग बार-बार विदेश जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मणिपुर यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस ने यह हमला उस समय किया है, जब बीरेन सिंह ने इंफाल स्थित राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंपा।

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस सोमवार को मणिपुर विधानसभा में बीरेन सिंह और उनके मंत्रिमंडल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मणिपुर के मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे की मांग कांग्रेस मई 2023 से कर रही थी, जब मणिपुर में जाति हिंसा शुरू हुई थी।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री का इस्तीफा बहुत देर से आया। अब मणिपुर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महाकुंभ में चौतरफा जाम लगा, प्रयागराज स्टेशन को बंद किया

## वाराणसी, लखनऊ, कानपुर व रीवा से आने वाले रास्तों पर 10 से 15 किलोमीटर लंबे जाम हैं

- **प्रयागराज स्टेशन पर भारी भीड़ एकत्रित हो जाने के कारण इस स्टेशन से ट्रेनों का आना-जाना रोक दिया गया है।**
- **लोगों को घाटों पर पहुँचने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।**

प्रयागराज, 09 फरवरी। महाकुंभ में रविवार की छुट्टी के कारण श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। संगम पहुंचने के सभी रास्तों में 10 से 15 किमी लंबा जाम लगा रहा। वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और रीवा से प्रयागराज आने-जाने वाले रास्तों पर 25 किमी तक गाड़ियां रेंग रही थीं। बताया गया कि यात्री रात 11 बजे से पैदल चल रहे हैं। बढ़ती भीड़ के बाद प्रयागराज संगम स्टेशन को अगले आदेश तक बंद किया गया है। प्रयागराज संगम स्टेशन, संगम से सबसे नजदीक है। स्टेशन की कुल क्षमता 1000 से 2000 लोगों की है लेकिन भीड़ ज्यादा होने की वजह से स्टेशन को बंद कर दिया गया है। हालांकि ट्रेनों का परिचालन नहीं रोका गया है।

प्रयागराज में भी लोगों को घाटों तक पहुंचने के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है। भारी भीड़ को देखते हुए पार्किंग स्थल और रूटों पर आपात प्लान लागू कर दिया गया है। इसके अलावा, फाफामऊ से प्रयागराज, झूंसी से प्रयागराज, जसरा से प्रयागराज आने वाले रास्तों पर भारी जाम लगा हुआ है।

संगम नोज़ पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। यूपी पुलिस और बीएसएफ जवान लगातार श्रद्धालुओं को चेतावनी दे रहे हैं। पुलिस चेतावनी दे रही है कि देर तक घाट पर न ठहरें, स्नान कर वापस लौट जाएं। जैसे-जैसे श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ ता है, वैसे ही रास्तों पर रस्सियों से बेरिकेडिंग कर दी जाती है और एरिया ब्लॉक कर दिया जाता है।

आज सुबह मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में आग लग गई। इसमें एक कल्पवासी टेंट जल गया। दमकल कर्मियों ने आग बुझाई।

आज, रविवार को सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई।

तमांग इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने वाले पूर्वोत्तर भारत के पहले मुख्यमंत्री हैं। उन्होने संगम स्नान को एक आध्यात्मिक रूपांतरण का अनुभव बताते हुए कहा कि इस दिव्य आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। लाखों श्रद्धालु यहां आस्था और भक्ति के साथ एकत्र हुए हैं, और इस ऊर्जा को महसूस करना अत्यंत प्रेरणादायक है।

धामी ने महाकुम्भ के भव्य आयोजन के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड मंडपम का भी निरीक्षण किया। साथ ही, सेक्टर 8 में आयोजित ज्ञान महाकुंभ' में भी हिस्सा लेने पहुंचे। मुख्यमंत्री रविवार को प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने कहा, हम सौभाग्यशाली हैं कि यह महाकुम्भ हमारे युग में आया है।

अभिनेत्री और पूर्व सांसद जया प्रदा ने भी रविवार को अपने बेटे के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सड़क दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के 4 श्रद्धालुओं की मौत

- **महाकुंभ से स्नान कर रायपुर लौट रहे यात्रियों की बोलेरो की ट्रेलर से टक्कर हो गई।**
- **मृतकों में तीन नज़दीकी रिश्तेदार थे तथा चौथा बोलेरो का चालक था।**

रायपुर, 09 फरवरी। छत्तीसगढ़ उत्तरप्रदेश बॉर्डर पर बभनी के दरनखाड़ के पास सुबह भीषण सड़क हादसे में रायगढ़ के श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो को एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो गई है और 6 गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक बोलेरो सवार श्रद्धालु महाकुंभ स्नानकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के सूरजगढ़ लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। घायल रामकुमार ने बताया, सभी लोग प्रयागराज गंगा स्नान के लिए आए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'सांसदों-विधायकों पर 5000 केस पैंडिंग हैं'

- **सुप्रीम कोर्ट से इन मामलों को निपटाने के लिये दिशा-निर्देश मांगे।**

नई दिल्ली, 09 फरवरी। पूर्व और मौजूदा सांसदों-विधायकों के खिलाफ करीब 5,000 मामले लंबित हैं, जिनको शीघ्र निपटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट से दिशा निर्देश की मांग की गई है। शीर्ष कोर्ट की ओर से एमिकस क्यूरी नियुक्त किए गए वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने दलील दी कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई में देरी हो रही है, क्योंकि उनके पास जांच और कोर्ट में प्रभाव डालने की शक्ति है। इसके कारण लंबित मामलों का निपटान नहीं हो रहा है, जिससे हमारे लोकतांत्रिक ढ ांचे पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

हंसारिया ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ एक जनवरी 2025 तक 4,732 आपराधिक मामले लंबित थे, जिनमें 892 मामले 2024 में दर्ज किए गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि लोकसभा के मौजूदा 543 सदस्यों में से 251 पर आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 मामले गंभीर अपराधों से जुड़े हैं, जिनकी सजा पांच साल या उससे अधिक हो सकती है।

उन्होंने कहा कि विशेष अदालतों में सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों में सुनवाई अन्य सामान्य मामलों के साथ होती है, जिससे देरी होती है। उन्होंने शीर्ष कोर्ट से यह भी अपील की कि मामले तीन साल से अधिक समय से लंबित होने पर उनकी प्रति-दिन सुनवाई की जाए और दो बार सुनवाई में हाजिर न रहने वाले आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए जाएं।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल नवंबर में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें विशेष अदालतों को इन मामलों को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को महाकुंभ में डुबकी लगायेंगी

- **भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में स्नान किया था।**

महाकुंभनगर, 09 फरवरी। प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाकुंभ की भव्यता एवं दिव्यता की साक्षी बनेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू सुबह के समय संगम नोज़ पर डुबकी लगाएंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा।

गौरतलब है कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुम्भ में पावन स्नान किया था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वे बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगी।

राष्ट्रपति महाकुंभनगर में आठ घंटे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बीजापुर में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे

## बस्तर के आईजी पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में दो जवान शहीद हुए और दो घायल हुए

- **बीजापुर के नैशनल पार्क में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर संयुक्त बल रवाना हुआ। रविवार को माओवादियों से कई बार मुठभेड़ हुई। बाद में सर्च के दौरान अब तक 31 माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।**

रायपुर, 09 फरवरी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए, इस दौरान सुरक्षा बलों के दो जवान शहीद हो गये तथा दो अन्य घायल हो गये।

बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पी सुंदर राज ने भी मुठभेड़ में 31 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में बीजापुर और नारायणपुर से लगी महाराष्ट्र की सीमा पर रविवार सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम एंटी-नक्सल ऑपरेशन पर थी।

इस पूरे मामले व मुठभेड़ पर विस्तृत जानकारी देते हुए सुंदरराज ने बताया कि जिला बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और संयुक्त बल को रवाना किया गया था। रविवार को इस ऑपरेशन के दौरान माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कई बार मुठभेड़ हुईं। मुठभेड़ के बाद सर्च में अब तक कुल 31 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं।

आईजी सुंदरराज ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों के चार जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से दो जवानों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहीद होने वालों में एक डीआरजी और एक एसटीएफ का जवान शामिल है। अन्य दो घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

आईजी ने कहा कि साल 2025 में अब तक अलग-अलग मुठभेड़ों में 65 माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

बस्तर पुलिस ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को खत्म करने चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन में फोर्स के जवानों को लगातार सफलता मिल रही है।

खासकर नया साल तो उनके लिए मौत का बवंडर लेकर आया है। फोर्स के दबाव में नक्सली लगातार अपना ठिकाना बदल रहे हैं और मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। जिस तेजी से नक्सली मारे जा रहे हैं और सरेंडर कर रहे हैं उससे लगता है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का टारगेट टाइम से पहले भी पूरा हो सकता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर दिया जायेगा।

शाह ने रविवार को 'एक्स' पर कहा, नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को ढ ेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी है।

# 'युवाओं को नौकरी व किसानों को पानी-बिजली सरकार की प्राथमिकता है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटा में श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित किया

- **मुख्यमंत्री तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने धरणीधर गार्डन में 4 करोड़ रूपए की लागत से बने महासभा के नए भवन का लोकार्पण किया। इस भवन में 44 कमरे, लिफ्ट और हॉल का निर्माण कराया गया है।**
- **कार्यक्रम के संयोजक ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कोटा में शैक्षणिक प्रकल्प तथा जयपुर में सामाजिक गतिविधियों के लिए सरकार से भूखंड उपलब्ध कराने की मांग की।**

कोटा, 9फरवरी, (निसं)। श्री धाकड़ महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार को सीएडी स्थित दशहरा मैदान पर सम्पन्न हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में खुला अधिवेशन आयोजित हुआ। धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोड़मल नागर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्यमंत्री भजनलाल और स्पीकर बिरला ने कार्यक्रम संयोजक और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हीरालाल नागर के साथ धरणीधर गार्डन में 4 करोड़ की लागत से बने नए अतिरिक्त भवन का लोकार्पण भी किया। इस भवन में 44 कमरे, लिफ्ट और हॉल का निर्माण कराया गया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भजन लाल शर्मा ने कहा कि जब तक अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को विकास का लाभ नहीं मिलेगा तब तक प्रदेश आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि हमने किसान सम्मान निधि में 2000 की बढ़ोतरी कर किसान को संबल देने का काम किया है। किसानों की फसलों को उचित दाम दिलाने के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी हुई है। युवाओं को नौकरी, हर किसान को पानी, बिजली देना हमारी प्राथमिकता में है। डबल इंजन की सरकार राजस्थान में विकास के लिए कृत संकल्प हैं।

इस अवसर पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि भारत को आगे बढ़ाना है, भारत को समृद्ध बनाना है तो भारत के किसान को खुशहाल बनाना होगा। धाकड़ समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोडमल नागर ने कहा कि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है। ऊर्जा मंत्री तथा धाकड़ समाज के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हीरालाल नागर ने कहा कि भारत के किसान धरती से जुड़कर जमीन को उपजाऊ बनाने का काम करते हैं। अन्न उत्पादन के द्वारा पूरे विश्व का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में धाकड़ समाज का दो दिवसीय खुला अधिवेशन आयोजित हुआ। धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोड़मल नागर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।*

## लखनऊ में धर्म परिवर्तन के आरोप में चर्च से लोग हिरासत में लिये

- **घर के अन्दर बने चर्च में धर्म परिवर्तन होने की चर्चा से क्षेत्रवासियों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने चर्च में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को हिरासत में लिया।**

लखनऊ, 09 फरवरी। यूपी के लखनऊ शहर से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। यह मामला सामने आने के बाद मौके पर जमकर हंगामा हुआ और पुलिस ने चर्च में बड़ी संख्या में लोगों मौजूद को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

लखनऊ के भरवारा क्षेत्र में धर्म परिवर्तन का आरोप लगाकर जमकर नारेबाजी की गई। क्षेत्र वासियों ने आरोप

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ‘भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर डामर सड़क बनाने की तैयारी’

## राजस्थान-पंजाब में सेना को गाड़ी से गश्त करना आसान होगा, तस्करी पर भी रोक लगेगी

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान-पंजाब से लगते भारत-पाक बॉर्डर से अब पड़ौसी देश पाकिस्तान पर नजर रखना आसान होगा। गश्त करते जवानों के पैर अब रेत-मिट्टी में नहीं धंसेंगे। बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर सहित पंजाब के क्षेत्र में भी बॉर्डर पर जीरो फेंसिंग के पास डामर सड़क बनाने की तैयारी है। इसके लिए केन्द्र सरकार ने करीब साढ़े चार हजार करोड़ रूपए का बजट जारी किया है। सड़क बनने से जवान बॉर्डर पर पैदल सहित वाहनों पर भी गश्त कर सकेंगे। भारी वाहनों के मूवमेंट करने के साथ-साथ बॉर्डर पर पेट्रोलिंग करने में भी आसानी होगी। सुरंग या अन्य तरीके से नशीले पदार्थों की तस्करी पर भी लगाम लगेगी।



बीएसएफ मुख्यालय में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के आईजी एमएल गर्ग ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया।

- **बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर सहित पंजाब के क्षेत्र में भी बॉर्डर पर जीरो फेंसिंग के पास डामर सड़क बनाने की तैयारी है**

बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के आईजी एम.एल. गर्ग ने बताया कि अकेले राजस्थान में एक हजार से ज्यादा किमी लम्बी सड़क का निर्माण होगा। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के आईजी एम.एल. गर्ग ने बताया कि भारत सरकार ने देश की सुरक्षा के लिए मजबूत कदम उठाया है। राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर से 1096 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। शेष करीब साढ़े तीन सौ किलोमीटर सड़क का निर्माण पंजाब में होगा। कुल 1450 किलोमीटर की सड़क बन रही है। जीरो लाइन पर स्थित फेंसिंग से सटकर सड़क बनाई जायेगी। इसका काम करीब एक महीने में शुरू होने की संभावना है।

सड़कों का जाल बिछाने के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने 2021 में ये प्रोजेक्ट तैयार किया था। इसके बाद गृह मंत्रालय ने इसे मंजूर किया था। सड़क का काम बाड़मेर से शुरू होता हुआ जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर तक जायेगा। पंजाब में सड़क बनाने का काम शुरू हो चुका है। वर्तमान में बीएसएफ के जवानों को गश्त में रेतीले धोरों के कारण परेशानी आती है। अब ये गश्त पैदल के साथ ही जीप-जिप्सी के माध्यम से भी हो सकेगी। गाड़ी से गश्ती के दौरान जीरो लाइन पर स्थित एक पोस्ट से दूसरी पोस्ट तक पहुंचने में कम समय लगेगा।

गर्ग ने बताया कि बॉर्डर पार से फेंके जा रहे हेरोइन सहित अन्य नशीले पदार्थों पर नजर रखना भी आसान होगा। जमीन के अंदर ही अंदर सुरंग बनाकर नशे की तस्करी करना पड़ौसी देश के लिए मुश्किल होगा। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर सुविधाओं की दृष्टि से बड़ा अंतर है। पाकिस्तानी रेंजर्स ने भी भारतीय सीमाओं के ठीक सामने अपनी चौकियां स्थापित की हैं। भारतीय चौकियों पर लाइट्स है। फेंसिंग है। इन फेंसिंग पर भी रातभर लाइट्स जलती है। हर 50 मीटर की दूरी पर लाइट्स इतनी तेज है कि दुश्मन देश से कोई हरकत जीरो लाइन पर हो तो साफ नजर आती है। इसके अलावा भारतीय सीमा में तारबंदी है, जिसमें करंट दौड़ता है। तारों पर जगह-जगह जिंगल बेल लगी है, जो काफी दूरी पर टच होने पर घनघना उठती है। ऐसे में पास की चौकी पर घुसपैठ का संकेत मिल जाता है। इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था पाकिस्तानियों के पास नहीं है।

# नाबालिग लड़की व युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

## दोनों आपस में रिश्ते में भाई-बहन लगते हैं, शवों के पास एक कंबल और बाइक मिली

**उदयपुर,** (कासं)। सलूंबर जिले के सराड़ा थाना इलाके नाबालिग लडकी और युवक का शव पेड़ पर लटका देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार दोनों आपस में रिश्ते में भाई-बहन लगते हैं। शवों के पास एक कंबल और बाइक भी मिली है।

- **मौके पर नमूना एकत्र करने के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जांच शुरु**

प्राप्त जानकारी अनुसार मामला सलूंबर जिले के सराड़ा थाना इलाके में शनिवार देर रात नाबालिग लड़की और युवक का शव पेड़ पर लटका देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। 11 घंटे बाद परिजन आए तब जाकर शव को पेड़ से नीचे उतारा गया। सराड़ा थाना प्रभारी हेमंत अहारी ने बताया कि शनिवार सुबह सात बजे ग्रामीणों ने दो शव पेड़ से लटके होने की सूचना दी थी। थाने के एसआई मांगीलाल और हेड कॉन्स्टेबल मणिलाल मौके पर पहुंचे थे। मौके पर जाकर परिजनों का पता लगाया और उन्हें सूचना दी। इसके बाद परिजनों के आने के बाद शवों को रात आठ बजे पेड़ से नीचे उतारा गया। इसके बाद सराड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मॉर्च्यूरी में रखा गया। पुलिस की जांच में नाबालिग लड़की की उम्र 14 साल है जबकि युवक 21 साल का है।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों मृतक मामा-बुआ के संतान होकर रिश्ते में भाई बहन थे। युवक मां की मौत के बाद युवक अक्सर अपने मामा के पास रहता था और वह मजदूरी करता था। मृतक के पिता खेतों पर सिजारी के रूप में काम करते हैं। युवक सात भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसके सबसे छोटी एक बहन है। युवक का नाता विवाह हो चुका था, लेकिन पत्नी उसे छोड़कर चली गई। उसके तीन साल का बेटा है जो अभी किसी अन्य रिश्तेदार के पास रहता है। मौके पर नमूना एकत्र करने के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया था। ग्रामीणों ने अनुसार पुलिस ने उदयपुर में लड़की के पिता को फोन कर बुलाया। ऐसे में उन्हें उदयपुर से आने में 11 घंटे लग गए। इसके बाद दोनों को फंदे से उतारा गया।

# महिला से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। एक विवाहिता से दुष्कर्म एवं आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मुकदमा हिंदुमलकोट थाने में दर्ज करवाया गया है। मामले की जांच एसएचओ गुरमेलसिंह कर रहे हैं। पुलिस की ओर से बताया गया कि पीड़िता मूलत: बीकानेर की रहने वाली है। घटना 29 जनवरी की हिंदुमलकोट थाना क्षेत्र के आरोपी के गांव की बताई गई है।

पीड़िता ने आपत्तिजनक आरोप लगाया है कि आरोपी राजेश पुत्र मंशाराम ने उसके साथ जबरन अनैतिक संबंध बनाए और इसका चोरी से मोबाइल फोन पर वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी वीडियो बनाकर इसे वायरल करने की धमकियां देकर बार-बार शोषण करता रहा। पीड़िता के पुलिस बयानों के बाद अब मजिस्ट्रेट बयान दर्ज करवाए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

- **आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया**

वहीं एक युवक को किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह मामला भी हिंदुमलकोट थाने में जनवरी में दर्ज हुआ था। इस मामले में सीओ ग्रामीण राहुल यादव ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भिजवाया है। मामले के अनुसार आरोपी इस किशोरी को उसके स्कूल से लौटते हुए को बाइक पर अपहरण करके ले गया था। बाइक को एक नाबालिग चला रहा था। किशोरी घर नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की। किशोरी और आरोपी को परिजनों ने श्रीगंगानगर में पकड़ लिया गया।

# कुंड में गिरने से युवक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। तारानगर विधानसभा क्षेत्र के गांव मीठड़ी पट्टा में रविवार को पैर फिसल कर पानी के कुंड में गिरने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। राजगढ़ थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि चेतराम मेघवाल (32) निवासी मीठड़ी पट्टा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसके ताऊ का लडका च्यानण मेघवाल निवासी मिठड़ी पट्टा ने ददरेवा में चने की फसल की बुवाई कर रखी है। रविवार को वह अपनी फसल में स्प्रे छिड़काव करने के लिए स्प्रे की ढोलकी भरने के लिए पानी के कुंड से पानी निकाल रहा था। अचानक पैर फिसलने से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पानी के कुंड में गिर गया, जिसके कारण पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया तथा मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

# मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई, एक गिरफ्तार

**कोटपूतली,** (निसं)। जिले की बानसूर थाना पुलिस ने मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुये बड़ी मात्रा में मिलावटी दुग्ध व दुग्ध में मिलावट करने वाली सामग्री व उपकरण जब्त किये हैं।

- **बड़ी मात्रा में मिलावटी दुग्ध व दुग्ध में मिलावट करने वाली सामग्री व उपकरण जब्त**
- **ग्राम कांजीपुरा में महसाणा डेयरी में बड़ी मात्रा में दुग्ध में मिलावट की सूचना मिली थी**



दूध में मिलावट के मामले में पुलिस ने एक जने को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार गत छह फरवरी को एसपी राजन दुष्यन्त द्वारा बानसूर थाने का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान एसपी ने सीएलजी सदस्यों एवं सुरक्षा सखी की बैठक भी ली थी। उन्होंने आमजन से अपील की थी कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का कोई अपराध घटित होता है तो उसकी सुचना तुरन्त पुलिस को देवें।

इस पर शनिवार आठ फरवरी को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम कांजीपुरा में महसाणा डेयरी में बड़ी मात्रा में दुग्ध में मिलावट की जा रही है। सूचना पर एसपी राजन दुष्यंत के निर्देशन, एएसपी वैभव शर्मा व बानसूर डीएसपी दशरथ सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक द्वारा मय टीम के थाना क्षेत्र के ग्राम कांजीपुरा में दुग्ध में मिलावट करने वालों पर कार्रवाई करते हुये बड़ी मात्रा में मिलावटी दुग्ध एवं दुग्ध में मिलावट करने वाली सामग्री एवं उपकरण जब्त करते हुये डेयरी संचालक अभियुक्त अजय उर्फ टिंकू (25) पुत्र लख्मीचन्द अहीर निवासी कांजीपुरा थाना बानसूर को गिरफ्तार किया गया।

# दो लाख रुपये चुराने का आरोपी गिरफ्तार




व्यापारी के बैग से रूपये चोरी करने के मामले में आरोपी को पकड़ा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की सुभाष नगर थाना पुलिस ने गत दिनों आरसी व्यास कॉलोनी में एक व्यापारी के मकान से बैग में रखे दो लाख रुपये चुराने के आरोपी को गिरफ्तार कर एक लाख रुपये बरामद किये। सुभाषनगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि आरसी व्यास कॉलोनी निवासी प्लाईवुड व्यापारी शिव कुमार पुत्र धर्मीचंद माहेश्वरी के मकान में निर्माण कार्य चल रहा था। 27 जनवरी को शिवकुमार शॉप जाने के लिए घर से आये। इसके बाद वे अपना एक बैग नीचे रखकर पिता के साथ निर्माण कार्य देखने ऊपर चले गये। इसी दौरान एक बाइक सवार आया और बैग में रखे दो लाख रुपये चोरी कर फरार हो गया। इस वारदात को लेकर उन्होंने सुभाषनगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर पुलिस ने बड़ी मस्जिद के पास कावांखेड़ा में रहने वाले इमरान उर्फ इमू पुत्र मोहम्मद सद्दीक शाह को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही से एक लाख रुपये बरामद कर लिये।

# फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने के मामले में दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की जमीन व मकान की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने के मामले में बड़गांव थाना पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी भंवर लाल पिता पीथा गमेती निवासी रूण, कैलाशपुरी, सुखेर ने गत 17 जनवरी को द्वारा रिपोर्ट पेश की कि मेरे पिता पीथा पुत्र अम्बावा निवासी रूण, कैलाशपुरी का लम्बे समय से दिमागी संतुलन ठीक नहीं है, इनका पूर्व में भी मानसिक ईलाज करवा रखा है। हमारे गांव के ही गोपाल पिता पेमा गमेती, ख्यालीलाल पिता बाबूलाल गमेती, जमनालाल पिता भग्गा गमेती तथा मेहरों का गुडा निवासी भैरूलाल गमेती आदि पिता को उपचार कराने की बात कहकर ले गए और गत 11 जनवरी को घर व जमीन की रजिस्ट्री हीरालाल गमेती पिता मोतीलाल निवासी खेड़ादेवी मन्दिर के पास, पुलां के नाम पर करवा दी तथा कुछ जमीन की रजिस्ट्री का जरिए पावर 15 जनवरी को तिलकेश गमेती पिता किशनलाल गमेती निवासी डिंगेला नाथद्वारा के नाम पर करवा नामान्तरकरण करवा दिया। मेरे पिता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। उक्त जमीन पर मेरी दादी कंकु एवं मेरे भाई-बहिनों का कब्जा



मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति की सम्पत्ति की फर्जी तरीके से दूसरे के नाम रजिस्ट्री कराने के मामले में दो को पकड़ा।

होकर किसी ने भी हमें क्रय-विक्रय बाबत कभी कोई बात नहीं की है और ना ही कोई राशि का लेनदेन हुआ है। इस प्रकार उक्त भूमाफियाओं ने मेरे पिताजी को ईलाज के बहाने ले जाकर धोखाधड़ी से फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवा उसका नामान्तरकरण भी हाथोंहाथ करवा दिया। पुलिस की प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अनुसंधान प्रारंभ किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में आरोपी तिलकेश उर्फ तिकडा पिता कन्हैयालाल उर्फ किशनलाल गमेती निवासी रोडा की भागल, डिंगेला, नाथद्वारा जिला राजसमंद व भैरूलाल पिता मांगीलाल गमेती निवासी मेहरों का गुडा, सुखेर जिला उदयपुर को डिटेन कर पूछताछ और उसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों ने पूछताछ में अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी तरीके से बिना रूपये दिये प्रार्थी के पिता की जमीन व मकान की रजिस्ट्री अपने नाम करा लेना बताया।

# दो लाख की शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत रामसागड़ा थाना पुलिस ने जालुकुआ में की गई नाकाबंदी के दौरान बिना परमिट के शराब ले जा रही एक कार को पकड़ा है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी मोनिका सैन के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में थानाधिकारी गोपालनाथ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहनों की जांच के दौरान डूंगरपुर की ओर से आ रही एक कार को रोका। कार में सवार दो व्यक्तियों की पहचान डूंगरपुर निवासी जयंती रोत और गोविंद कटारा के रूप में हुई है। कार की तलाशी के दौरान पुलिस को राजस्थान निर्मित बियर के 50 कार्टन मिले, जिनकी बाजार कीमत करीब दो लाख रुपए आंकी गई है। जब पुलिस ने शराब परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे, तो दोनों आरोपी कोई वैध परमिट नहीं दिखा सके। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत शराब से भरी कार को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# देवगांव ग्राम पंचायत के किसानों ने सांकेतिक उपवास रखा

**मुकुंदगढ़,** (निसं)। 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति की उपवास बैठक देवगांव के आमचौक में हुई। बैठक की अध्यक्षता बलदेव सिंह ने की। पर्यवेक्षक के तौर पर संघर्ष समिति के श्रवण मांडासी मौजूद रहे। इस दौरान किसान सांकेतिक रूप से 12 घंटे के लिए उपवास पर रहे।

उपवास के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के प्रवक्ता कॉमरेड कपिल ऐचरा व प्रवीण डाबड़ी ने कहा कि सरकारों के नुमाइंदे लगातार किसानों को लूटने वालों के पक्ष में भाषा बोल रहे हैं, जबकि हर अधिकारी कर्मचारी को पता है कि गांवों में बाजार दर डीएलसी दर से कई गुणा ज्यादा है। हमारी स्पष्ट मांग है कि जिला कलेक्टर प्रत्येक तहसील में अपने तहसीलदारों की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर सर्वे के आधार पर बाज़ार दर तय करवाए। बाज़ार दर तय करवाने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। किसानों को सम्बोधित करते हुए बलदेव सिंह व श्रवण मांडासी ने कहा कि हमसे पहले गैस पाइपलाइन के कार्य में किसानों को लुभावने वादों से ठग लिया है। अब किसान जाग गया है और जल्द गैस पाइपलाइन से प्रभावित किसानों की जमाबंदियों से भी प्रशासन नोट हटा दें, अन्यथा संगठित होकर किसान उग्र आन्दोलन पर उतारू होगा। संघर्ष समिति के सतीश कप्तान ने बताया कि अगला उपवास मंगलवार को सांगासी-मांडासी पंचायत के किसानों का होगा। उसके बाद 21 फरवरी से जेजूसर सरपंच प्रतिनिधि व संघर्ष समिति के प्रवक्ता कॉमरेड कपिल ऐचरा व साथी किसान आमरण अनशन पर बैठेंगे।

# युवक पर जानलेवा हमले के मामले में तीन बदमाश गिरफ्तार



झालावाड़ जिले में कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर/झालावाड़।** झालावाड़ शहर के कोतवाली थाना इलाके के जुआरी मोहल्ला में दो फरवरी की सुबह एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने माजिद उर्फ मोना पुत्र शौकत अली निवासी काले शाह बाबा की मस्जिद के पीछे, यासर अली पुत्र नसरत अली निवासी पायगा मोहल्ला और शेख सलमान पुत्र सलीम निवासी नूर मंजिल नला मोहल्ला को गिरफ्तार कर लिया है।

झालावाड़ एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि दो फरवरी को शहर के एचआरजी हॉस्पिटल में भर्ती जुआरी मोहल्ला निवासी अल्फेज उर्फ रिंकू ने पर्चा बयान दिये कि वह सुबह 11 बजे घर से काम पर जा रहा था। कुछ ही आगे उसे माजिद उर्फ मोना, यासर अली व सलमान पुत्र सलीम मिले। दोनों ने उनके भाइयों पर किए मुकदमे पर राजीनामा कर तथा मुकदमे में लगे रुपये वापस करने की बात कही। इस पर मना कर दिया तो तीनों गाली-गलौज करने लगे। सलमान और यासर ने उसे पकड़ लिया तथा मोना ने अपनी जेब से चाकू निकाल कर उस पर हमला कर गम्भीर घायल कर दिया। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश की गयी। उक्त प्रकार की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया। विशेष टीमों द्वारा हमलावरों की पहचान कर घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों के ठिकाने का पता लगा वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाश माजिद उर्फ मोना, यासर अली व शेख सलमान को गिरफ्तार किया।

# कोटा में “वॉक-ओ-रन 2025” का आयोजन, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हुए

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर में रविवार के दिन दो अलग-अलग दौड़ का आयोजन किया गया। रविवार की सुबह का सूरज एक अलग ऊर्जा लेकर उदय हुआ। इस ऊर्जा में अपने और अपने परिवार की सेहत के प्रति जागरूकता थी तो देशभर से कोटा में आकर पढ़ने वाले कोचिंग स्टूडेंट्स की सेवा के लिए समर्पण शामिल था। इसके साथ ही एक दौड़ पुरुष के सम्मान में भी आयोजित की गई। टीम हार्टवाईज द्वारा हेल्थ और हैप्पीनेस के संकल्प के साथ देश का सबसे बड़ा इवेंट “वॉक-ओ-रन 2025” सुबह हुआ, जिसमें देश-विदेश से मैराथन रनर्स के साथ 40 हजार से अधिक शहरवासी शामिल हुए।



“वॉक-ओ-रन 2025” में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अधिकारी व आमजन शामिल हुए।

- **“वॉक-ओ-रन 2025” में रनर्स के साथ शामिल हुए 40 हजार से अधिक शहरवासी**
- **कोटा केयर्स के तहत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शहरवासियों को संकल्प दिलवाया**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रहे, जिन्होंने 10 किमी मैराथन को वॉक-ओ-रन फ्लेग दिखाया और शहरवासियों को कोटा केयर्स अभियान के तहत संकल्प दिलवाया। इस दौरान ऊर्जामंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत, जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी और एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी भी मौजूद रहे। इन्होंने कोटा केयर्स रन को भी वॉक-ओ-रन फ्लेग दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने 21 किमी मैराथन रनर्स को वॉक-ओ-रन फ्लेग दिखाकर रवाना किया। शहर में हर वर्ग के लोगों में रन को लेकर उत्साह नजर आया। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक रन में शामिल हुए और सेहत के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। दौड़ के बाद वॉक ओ रन के तहत हुई विभिन्न गतिविधियों के विजेता प्रतिभागियों को 25 लाख तक के पुरस्कार दिए गए। इस रन को रवाना करने से पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह कोटा शहर की जीवंतता है कि सुबह इतनी बड़ी संख्या में शहरवासी एकत्रित हुए। सुबह जल्दी उठने की आदत डालें और सेहत पर ध्यान दें। अच्छा स्वास्थ्य ही सच्चा धन है। शहरवासियों को कोटा में आने वाले कोचिंग स्टूडेंट्स को परिवार जैसा माहौल देना है। अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखना है। इस अवसर पर उन्होंने शहरवासियों को कोटा केयर्स के तहत कोचिंग स्टूडेंट्स का ध्यान रखने का संकल्प भी दिलवाया। वहीं दूसरी तरफ कोटा के श्रीनाथपुरम स्टेडियम में रविवार, 9 फरवरी को आयोजित वॉक फॉर मैन कार्यक्रम में 5000 से अधिक परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य पुरुषों के समाज में योगदान, उनके संघर्ष और मानसिक-भावनात्मक स्थिति को समझने और उन्हें सम्मान देने के साथ-साथ समाज में उनके प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना था।

# "मरू महोत्सव-2025" का आगाज लगातार दूसरी बार फीका साबित हुआ

## मरू महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की बेरुखी नजर आई

**पोकरण,** (कासं)। पोकरण में मरू महोत्सव 2025 का आगाज जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन की उदासीनता के चलते लगातार दूसरी बार फीका ही साबित हुआ। वहीं पर्यटन विभाग द्वारा देशी-विदेशी पर्यटकों को परमाणु नगरी पोकरण में ठहराव करने के लिए मरू महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर देशी विदेशी पर्यटकों की ठहराव करने की सरकारी खजाने को खर्च कर देश-विदेश तक परमाणु नगरी की पहचान को लगातार आगे बढ़ाने की मुहिम को विफल होती हुई नजर आ रही है।



**पोकरण में मरु महोत्सव का आगाज विधायक प्रतापपुरी महाराज ने किया।**

पोकरण के सालमसागर तालाब से निकली शोभायात्रा के दौरान आयोजन स्थल पर गंदगी और अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। शोभायात्रा के दौरान सुअरों का घूमना प्रशासन की तैयारियों की पोल खोलता नजर आया। वहीं प्रतियोगिताओं में भाग लेने आए प्रतिभागी पीने के पानी तक के लिए तरसते रहे, लेकिन प्रशासन उन्हें पानी उपलब्ध नहीं करा सका। वहीं पर्यटन विभाग द्वारा भेजे गए इन्विटेशन कार्ड गायब होने की चर्चा पूरे शहर में रही। सूत्रों के अनुसार, पोकरण के प्रथम नागरिक मनीष पुरोहित को भी कार्यक्रम से मात्र एक दिन पहले रात आठ बजे निमंत्रण दिया गया। इस बार मरू महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की बेरुखी साफ नजर आई। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, नगर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित उद्घाटन के बाद कुछ जनप्रतिनिधि रवाना हो गए, प्रधान भगवत सिंह तंवर सहित अन्य जनप्रतिनिधि इस आयोजन से दूरी बनाए रहे, जबकि कई जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में नजर ही नहीं आए।

वहीं महोत्सव को लेकर प्रशासन की लचर तैयारियों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कार्यक्रम स्थल पर अपेक्षित भीड़ नहीं जुट सकी। मरू महोत्सव को लेकर स्थानीय लोगों और पर्यटकों में उत्साह रहता है, लेकिन इस बार अव्यवस्थाओं के चलते यह आयोजन फीका नजर आया।

पोकरण लोक संस्कृति एवं कलाकारों के स्थापित मंच का पर्याय बन चुके मरू महोत्सव 2025 का आगाज रविवार को नेपालेईश्वर महादेव का मंदिर के पूजा अर्चना के साथ पोकरण में हुआ। चार दिवसीय कार्याक्रमों की कड़ी में पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने नेपालेश्वर महादेव की आरती कर महोत्सव का आधिकारिक शुभारम्भ किया। जिला कलेक्टर प्रतापसिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, उपखण्ड अधिकारी जैसलमेर सक्षम गोयल, 87 बीएसएफ कमांडर रणवीर सिंह, पोकरण एसडीएम प्रभजोतसिंह, पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, अधिशासी अधिकारी झब्बरसिंह, पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी, पूर्व जिला अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास एडवोकेट सहित शहर के कई गणमान्य नागरिकों के साथ ही उपस्थित जन समूह ने शोभायात्रा में भाग लिया।

वहीं साफा बांधों प्रतियोगिता में पांच संभागियों ने भाग लिया, जिसमें भैरूलाल विजेता रहे। जिसके पश्चात पारंपरिक वेशभूषा में सजे धजे बांके जवानों मिस्टर पोकरण एवं मिस पोकरण प्रतियोगिता में पोकरण विधानसभा क्षेत्र से बाहर के प्रतियोगियों ने भाग लिया और अवार्ड प्राप्त किया, गोपालसिंह भाटी मिस्टर पोकरण एवं अभिलाषा चौधरी मिस पोकरण बनी। इसके पश्चात रस्साकस्सी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें काफी जद्दोजहद के बाद पुरूष वर्ग में महादेव क्लब एवं महिला वर्ग में पीएल जिम विजेता रहे। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश उज्जवल ने किया एवं प्रतियोगिता के आयोजन में यशवीर सिंह, घनश्याम माली, महेन्द्र रतनू ने सहयोग किया।

# जोधपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव पर गबन का आरोप

## एडहॉक कमेटी संयोजक अरिष्ट सिंघवी ने मामला दर्ज करवाया है

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव सुखदेव सिंह देवल के खिलाफ शास्त्री नगर पुलिस थाने में गबन का मामला दर्ज हुआ है। एडहॉक कमेटी संयोजक अरिष्ट सिंघवी ने मामला दर्ज करवाया है।

■ **जिला क्रिकेट एसोसिएशन में करीब 16 लाख रुपए का गबन का आरोप लगाया**

रिपोर्ट में बताया गया है कि जोधपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पद पर रहते हुए सचिव सुखदेव सिंह देवल ने अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर सांठगांठ कर वित्तीय अनियमितता करते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया और जिला क्रिकेट एसोसिएशन में करीब 16 लाख रुपए का गबन किया। रिपोर्ट में बताया कि संगठन के संविधान के अनुसार संगठन का खाता बैंक में खोलना होगा और संगठन के अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष तीन पदाधिकारी में से दो पदाधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर पर ही बैंक से रुपए निकाले जा सकेंगे और इसका अनुमोदन करवाना होगा। अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष की ओर से एक मुश्त रूप से स्वीकृत राशि का अनुमोदन कार्यकारिणी और मैनेजमेंट कंपनी के द्वारा किया जाएगा। संगठन के संविधान के नियम 22 के तहत सचिव संगठन के हित के उद्देश्यों की पूर्ति, कार्य और समय की आवश्यकता के अनुसार 25000 तक की राशि का ही आहरण कर सकेगा, जिसका अनुमोदन मैनेजमेंट कमेटी से करवाना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनाव मई 2024 को हुए थे और 20 जून से नई कार्यकारिणी गठन के बाद क्रियाशील हुई, लेकिन संगठन के सचिव सुखदेव सिंह देवल की ओर से नियमों की पालना नहीं की गई और अन्य व्यक्ति श्रवण प्रजापत के साथ मिलकर गड़बड़ी की गई। संगठन के स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जालोरी गेट शाखा के खाते से 16 लाख 42 हजार 712 रुपए का गबन किया गया, जबकि नियमानुसार नई कार्यकारिणी के गठन 20 जून के बाद बैंक से पैसे निकालने के लिए संगठन के अध्यक्ष, सचिव या कोषाध्यक्ष में से दो व्यक्तियों के हस्ताक्षर सहित खाते का संचालन किया जा सकता था लेकिन सचिव सुखदेव सिंह देवल ने इसकी सूचना दिए बगैर खुद के और पूर्व संयुक्त सचिव श्रवण प्रजापत के हस्ताक्षर से 16 लाख रुपए से अधिक की राशि को बिना किसी अधिकार के बैंक से निकाल ली। रिपोर्ट में बताया कि कार्यालय रजिस्टर संस्था जोधपुर की ओर से भी 29 जनवरी 2025 को हुई जांच में भी यह तथ्य साबित पाए गए हैं।

# दुकान से आठ लाख रुपये के मोबाइल चोरी

## चोरी की घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई


**टोंक,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के चंदलाई गांव में बीती रात तीन अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर करीब 8 लाख रुपए के महंगे हैंडसेट (स्मार्ट व एंड्रॉइड मोबाइल) चोरी कर फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचे सदर थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के चंदलाई में कार में सवार होकर आए बदमाशों ने शनिवार रात को दुकान का शटर तोड़कर करीब 8 लाख रुपए के मोबाइल चोरी कर लिए। सीसीटीवी कैमरे में 3 कार सवार बदमाश नजर आये हैं। एमओबी व एफएसएल से साक्ष्य उठाए गए एवं रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

वहीं पीड़ित दुकानदार कन्हैयालाल गुर्जर ने बताया कि बदमाश कार में सवार होकर दुकान पर पहुंचे थे, जहां दुकान के पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई। दुकानदार ने बताया कि महज पांच मिनट के अंदर ही बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दे दिया। वहीं चारपाई पर सो रहे ग्रामीण के सिर पर एक बादमाश ने रिवाल्वर लगा दी और धमकाया कि आवाज निकाली या चिल्लाया तो जान से मार देंगे। ग्रामीण डर गया और वह चुपचाप लेटा रहा। इस दौरान दो अन्य बदमाश दुकान का शटर तोड़ने के बाद बैग व थैलों में भरकर मोबाइल चुरा ले गए। बाद में ग्रामीण ने चिल्लाया और आसपास के लोग जाग गए और कुछ लोग मौके पर पहुंचे।

# आयुर्वेद वि.वि. में शोध के लिए पार्थिव देह दान

**जोधपुर,** (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के संघटक आयुष महाविद्यालय में चिकित्सा अध्ययन और शोध कार्य के लिए पार्थिव देह का दान किया गया। यह पुण्य कार्य स्वर्गीय रामेश्वर सिंह गहलोत, पुत्र स्व. मुनीलाल गहलोत भादरी मंदिर, मंडोर, जोधपुर के परिवार द्वारा किया गया। रामेश्वर सिंह गहलोत का निधन 9 फरवरी को हो गया। वे अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिसमें उनके पुत्र नरपत सिंह, युधिष्टर गहलोत एवं दो पुत्रियां रेखा एवं अनीता तथा अन्य परिजन शामिल हैं।

■ **कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने देहदान को अमूल्य योगदान बताया**



रामेश्वर सिंह गहलोत

कुलपति प्रोफेसर प्रजापति ने योगदान की सराहना की। कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने देहदान को चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिए एक अमूल्य योगदान बताते हुए कहा कि यह पार्थिव देह हमारे चिकित्सा अध्ययन और शोध में सफलता का आधार बनेगी। उन्होंने इसे प्रथम गुरु कहते हुए परिजनों के निस्वार्थ भाव की सराहना की। पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के परिसर में पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और छात्रों को 'केडेवरिक ओथ' दिलाई गई। साथ ही की स्मृति में आंवले का पौधा लगाया गया। प्राचार्य एवं रचना शारीर विभाग के विभागाध्यक्ष ने देहदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और अन्य लोगों से भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरणा लेने का आग्रह किया।

# ससुर ने अपनी ही बहू से छेड़छाड़ की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा से इंसानियत को शर्मशार कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक ससुर अपनी ही बहू पर गंदी निगाह रखता है और बहू को अपनी बीवी बनाने की नियत से बेटे से अलग कर रखा है। दो बच्चों के साथ दर-दर की ठोकर खाने का बाद पीड़िता ने जिला पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

■ **पीड़िता ने जिला पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई**

मामला मांडल थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां शुभकरण पिता शंकर लाल जोशी के साथ पीड़िता का बाल विवाह वर्ष 2005 में ही तय कर दिया गया। वर्ष 2013 से वह पति के साथ शादीशुदा जीवन यापन कर रही थी, इस दौरान उसने दो संतानों को भी जन्म दिया। वर्ष 2020 से ससुर की नियत बहु पर पलटी और उसने बहू को परेशान करना शुरू कर दिया। बहू ने ससुर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह उसके पति की दूसरी शादी करने और उसे अपनी पत्नी की तरह साथ रखने की बात कहते है।

पीड़िता का आरोप है कि उसका ससुर आए दिन उसके साथ अश्लील हरकत करता है और एक बार उसने बलात्कार करने की भी कोशिश की। विरोध करने पर उसकी सास, पति, जेठ व जेठानी ने उसके साथ मारपीट की। जैसे-तैसे पीड़ित अपनी जान बचा कर वह से भाग छूटी और परिवारजनों की मदद से मांडल थाना पुलिस को रिपोर्ट दी, लेकिन अब तक भी मामले में कार्यवाही नहीं होने के कारण पीड़ित ने जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव से न्याय की गुहार लगाई है।

# लाखों के बर्तन चोरी

**पावटा,** (निसं)। ग्राम बड़नगर के पास स्थित दुलेसिंह का बास शिवालय के पास बने कमरे को गुरुवार रात चोरों ने निशाना बनाते हुए समाज द्वारा समाज के लिए एकत्रित किए गए पीतल, तांबे, एल्यूमिनियम के लाखों के बर्तन चोरी कर लिए। घटना की सूचना प्रागपुरा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। घटना को लेकर हनुमान सारण सहित लोगों ने पुलिस में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिसमें बताया है कि दुलेसिंह का बास शिवालय के पास बने कमरे में समाज द्वारा समाज दूल्हे सिंह की ढाणी, थालौड़ की ढाणी, सारणो की ढाणी, बानंडयाला की ढाणी, पलाना की ढाणी, डेहर तक के समाज के लिए एकत्रित किए गए पीतल, तांबे, एल्यूमिनियम के लाखों के बर्तन रखे हुए थे। जिनका वजन करीब पांच क्विंटल था, जिनकी अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपए हैं।

# जीप चुराकर भागे युवक को करणपुर जेल से किया गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर**, सुखाडिया शॉपिंग सेंटर में वर्कशॉप पर मरम्मत के लिए आई जीप चोरी करने के आरोप में जवाहरनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल गुरमेलसिंह ने की।

आरोपी युवक को श्रीकरणपुर सब जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लाया गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी एसएसबी रोड न्यू फ्रेंडस विहार कॉलोनी निवासी समीर शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पदमपुर पुलिस ने एक अन्य युवक के साथ मिलकर चोरी की गई 9 मोटरसाइकिलें बरामद कर उसे गिरफ्तार किया था।

# मोटरसाइकिल व थार कार में भिड़न्त, दो घायल

**निवाई।** बरोनी थानान्तर्गत बरोनी से पराना रोड पर एक मोटर साईकिल व एक थार कार में भिडन्त हो गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो जनें घायल हो गए। सूचना मिलने पर बरोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चालक मोहित पुत्र शिवराज बैरवा 25 वर्ष व विजय पुत्र राजेंद्र बैरवा 28 वर्ष दोनों निवासी बंबोर थाना सदर टोंक को घायल हालत में राजकीय सामुदायिक अस्पताल निवाई में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह ने बताया कि दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर के लिए रैफर कर दिया गया।

# कबाड़ियों के ठिकानों की तलाशी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पुलिस की अलग-अलग टीमों ने कबाड़ का व्यवसाय करने वालों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान सुबह ही शुरू कर दिया गया। इस दौरान पुलिस की ओर से कबाड़ का सामान बेचने वालों से जानकारी ली गई। पुलिस की टीम ने प्रताप नगर क्षेत्र में बड़ी संख्या में मौजूद कबाड़ी वालों के यहां पर जाकर कबाड़ का काम करने वाले स्टाफ, दुकान आदि के बारे में जानकारी ली। टीम ने यहां पर कबाड़ के सामान को लेकर भी जानकारी ली। गौरतलब कि पिछले कुछ दिनों से पुलिस को सूचना मिली रही थी कि कबाड़ की दुकानों पर चोरी का माल खरीदा और बेचा जाता है। इसी तथ्य को लेकर संदेह के आधार पर ये अभियान चलाया गया। बहरहाल इस बारे में पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा है।

# नाबालिग लड़की का वीडियो बनाने पर विवाद

## भाई ने विरोध किया तो दूसरे पक्ष ने मारपीट की, दो युवक घायल

**अनूपगढ़,** (निसं)। एक नाबालिग छात्रा का वीडियो बनाने के मामले में बड़ा विवाद हो गया। केंद्रीय बस स्टैंड पर शाम साढ़े पांच बजे हुई इस घटना में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दो युवक घायल हो गए।

हैड कॉन्स्टेबल पदम सिंह ने बताया कि एक निजी विद्यालय में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा जब स्कूल से घर जाने के लिए बस स्टैंड पर आई, तब कुछ युवकों ने उसकी वीडियो बनानी शुरू कर दी। परेशान छात्रा ने तुरंत अपने भाई को फोन कर इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे भाई ने जब युवकों से वीडियो डिलीट करने को कहा, तो बात बिगड़ गई और दोनों पक्षों में तीखी बहस के बाद मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान लड़की का भाई और दूसरे पक्ष का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल युवकों को अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों घायल युवकों के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

■ **घायल युवकों को असपताल में भर्ती कराया, पुलिस ने दोनो युवकों के बयान लिए**

# हादसे में एक की मौत, दो घायल

**टोंक/देवली।** देवली थाना क्षैत्र के नेगडिया गांव मार्ग पर खडे तीन बाईक सवारो पर कार ने टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात को तीन बाईक सवार जिसमें रविप्रकाश अपने दो दोस्तो सुरेश बैरवा व प्रधान धाकड के साथ पोल्याडा से वापस घर लौट रहे थे, तभी वह अजमेर मार्ग स्थित बालाजी के मन्दिर के पास सडक किनारे खडे थे। इसी दौरान देवली की तरफ से आ रही कार ने उन्हे टक्कर मार दी और केकडी की ओर फरार हो गई। टक्कर में रविप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो अन्य युवक घायल हो गये, जिन्हे वहां मौजूद ग्रामीणो की सहायता से देवली चिकित्सालय पहुंचाया जहां पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनो को सौप दिया।

# ठगी गई रकम में से 2.90 लाख रिफंड कराये

**जयपुर/चूरू।** चूरू जिले की सरदारशहर थाना पुलिस ने साइबर ठगों द्वारा ठगी गई रकम में से 2.90 लाख रुपए पीड़ित के खाते में रिफंड करवाने में सफलता प्राप्त की है। साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन डिजिटल करेंसी में इन्वेस्टमेंट में प्रॉफिट का झांसा देकर पीड़ित से सात लाख रुपए ठग लिये थे।

एसपी जय यादव ने बताया कि ऑनलाइन ठगी के पीड़ित द्वारा साइबर पोर्टल पर रिपोर्ट दी गई कि साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन डिजिटल करेंसी में इन्वेस्ट करने पर प्रॉफिट का झांसा देकर उससे अलग-अलग खातों में सात लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। साइबर पोर्टल पर दर्ज कराए गए परिवाद की जांच एसएचओ मदन लाल बिश्नोई के नेतृत्व में सरदारशहर थाने के साइबर पोर्टल पर कार्यरत कांस्टेबल रामचंद्र सिहाग द्वारा की जा रही थी। कांस्टेबल द्वारा परिवादी के खाते से ट्रांसफर हुई रकम को ट्रेस कर आवश्यक त्वरित कार्रवाई कर ठगी की रकम सात लाख में से 3.90 लाख रुपए होल्ड करवाये। इस होल्ड कराई गई रकम में से कोर्ट के निर्देश पर 2.90 लाख रुपए परिवादी के खाते में रिफंड करवाये जा चुके हैं, बाकी रकम रिफण्ड करवाने की कार्रवाई की जा रही है।

■ **ऑनलाइन डिजिटल करेंसी में इन्वेस्टमेंट में प्रॉफिट का झांसा देकर पीड़ित से सात लाख रुपए ठगे थे**

# माटीकला कामगारों ने सीखे पॉटरी कला के गुर

**श्रीगंगानगर,** श्रीयादे माटी कला बोर्ड की ओर से आयोजित दस दिवसीय इलेक्ट्रिक पोटर व्हील प्रशिक्षण कार्यक्रम गणेश विहार द्वितीय स्थित बुधराम कुम्हार के निवास पर जारी है। प्रशिक्षण के लिए प्रदेशभर से माटी कला कामगारों व दस्तकारों का चयन किया गया है। इनमें श्रीगंगानगर के 20 कामगार शामिल हैं।

शिविर में कामगारों व दस्तकारों को पॉटरी कला, आय बढ़ाने के विभिन्न माध्यम, मिट्टी से पानी की बोतल सहित अन्य कई प्रशिक्षण दिए गए। दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कामगारों के जलपान की व्यवस्था श्री यादे माटी कला बोर्ड की ओर से की गई। प्रशिक्षक बुधराम कुम्हार ने बताया कि 20 कामगारों में एक दिव्यांग व एक विधवा महिला को भी शामिल किया गया।

# पांच मोरों के मारे जाने से ग्राम जोधपुरा में सनसनी

**पावटा**, (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के गांव जोधपुरा में राष्ट्रीय पक्षी पांच मोरों को मारकर एक खेत में फेंके जाने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच की।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में इन दिनों कोई ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो आए दिन मोर का शिकार कर रहा है। इस बीच रविवार शाम को गांव जोधपुरा में न्यू कॉलोनी के पास खेतों में ग्रामीणों ने पांच मोरों को मरा देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर प्रागपुरा थाना पुलिस व वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं गांव के शिंभू चौधरी, धोलूराम झिंझवाडिया, विक्रम नेहरा, झांझु राम मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, रामावतार सैनी सहित खेतों में काम कर रही महिलाओं ने बताया कि कुछ बावरिया लोगों द्वारा मोर का शिकार किया जा रहा था। उनकी आवाज सुन जब उन्होंने



**मृत मोर मिलने पर लोगों ने आक्रोश जताया।**

हल्ला मचाया तो शिकार करने वाले भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय पक्षी को मारने पर आक्रोश व्यक्त किया है। वन विभाग पावटा नाका फॉरेस्टर यादराम का कहना था कि टीम मौके पर गई थी, वहां दो मोर व तीन मोरनियां मृत मिली, जिनको पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लिया, जांच की जा रही है।

# कलेक्टर के आतिथ्य में मिस्टर भीलवाड़ा-मिस भीलवाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**भीलवाड़ा,** (निसं)। "भीलवाड़ा महोत्सव" के तहत रविवार को जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के मुख्य आतिथ्य में चित्रकूट धाम में मिस्टर भीलवाड़ा-मिस भीलवाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के युवाओं और विभिन्न आयुवर्ग के लोगों ने भाग लिया

■ **मोहम्मद इसाक खान को मिस्टर भीलवाड़ा और यश कंवर राणावत को मिस भीलवाड़ा चुना गया**



**जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू और अधिकारियों ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए।**

और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मिस्टर भीलवाड़ा और मिस भीलवाड़ा के खिताब के लिए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जूरी ने प्रतिभागियों को उनके व्यक्तित्व, वेशभूषा और प्रतिभा के आधार पर आंका और विजेताओं का चयन किया। निर्णायक दल के द्वारा घोषित परिणाम के आधार पर मोहम्मद इसाक खान को मिस्टर भीलवाड़ा और यश कंवर राणावत को मिस भीलवाड़ा चुना गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने बताया कि मिस्टर भीलवाड़ा-मिस भीलवाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के लिए किया गया है। इस प्रतियोगिता ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया है। जिला कलेक्टर संधू और अधिकारियों ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए। इस दौरान प्रतिभागियों ने कहा कि वह राजस्थानी की संस्कृति और कला को प्रदर्शित करते है। अपनी राजस्थानी कला और संस्कृति पर गौरवान्वित महसूस करते है। इससे पूर्व विभिन्न लोक कलाकारों, नन्हे मुंह बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन भी किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन ओम प्रकाश मेहरा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा देवतिया, जिला शिक्षा अधिकारी योगेश चंद्र पारीक, कोषाधिकारी टीना रोलानिया, जिला उद्योग केंद्र से राहुल देव सिंह, सीएमएचओ डॉ सीपी गोस्वामी, डीएसओ अमरेंद्र मिश्र,महिला अधिकारिता विभाग से नागेंद्र तोलंबिया, बड़ी संख्या में आमजन आदि मौजूद रहे। मंच संचालन प्रिंसिपल श्रीमती प्रतिष्ठा ठाकुर, पंकज पंवार ने किया।

# पर्यावरण का संरक्षण आवश्यक : मदन दिलावर



कोटा में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ है

- पॉलिथीन का उपयोग रोकने की दिलाई सभी को शपथ
- 11 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

**कोटा, (निसं)।** भारत विकास परिषद की माधव शाखा के तत्वावधान में 11 जोड़ों का सर्वजातीय चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन हनुमंत वाटिका गोदावरी पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर, विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा, भारत विकास परिषद के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा, सामूहिक विवाह प्रभारी-के.सी. गुप्ता, सह-मंत्री सतीशगुप्ता, माधव शाखा अध्यक्ष, लहरी शंकर गौतम, कोषाध्यक्ष एच.पी. गर्ग, प्रांतीय सचिव हिमांशु चतुर्वेदी, प्रांतीय अध्यक्ष रविप्रकाश विजय, क्षेत्रीय सचिव, किशन पाठक, क्षेत्रीय अतिरिक्त महासचिव कमल सुरेखा, क्षेत्रीय वित्त सचिव राकेश गुप्ता प्रांतीय महासचिव हिमांशु चतुर्वेदी आदि ने भारत माता, स्वामी विवेकानंद, गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन, सामूहिक वंदेमातरम् राष्ट्रीय गीत से हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहां की भारत विकास परिषद इसी तरह से गरीब बेटे-बेटियों को आपस में परिणय सूत्र में बंधने के लिए निरंतर काम कर रही है सभी बधाई के पात्र हैं, उन्होंने कहा की वर्तमान समय में हमारे समाज में कई प्रकार के लोग हैं आर्थिक दृष्टि से कमजोर, समृद्ध, कुछ सामाजिक दृष्टि से ऐसे सब लोगों की सेवा करने के लिए भारत विकास हमेशा तत्पर रहती है और रहना भी चाहिए।

## संक्षिप्त

### पीएचडी उपाधि मिलने पर अभिलाषा गुप्ता को किया सम्मानित

**बूंदी।** तालेडा निवासी अभिलाषा गुप्ता को ठामीण क्षेत्र में इंटरनेट बैंकिंग का भविष्य विषय पर देश के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान वनस्थली विद्यापीठ द्वारा पीएचडी (डॉक्टरेट )की उपाधि प्रदान किए जाने पर रविवार को बूंदी राज परिवार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ईश्वरी निवास में आयोजित एक सादे समारोह में पूर्व राज परिवार के सदस्य वंश वर्धन सिंह जी अभिलाषा को राज परिवार की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिलाषा गुप्ता का परिवार एवं अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री का कोटा एयरपोर्ट पहुंचने पर अगवानी की

**कोटा, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के रविवार को कोटा एयरपोर्ट पहुंचने पर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी, शहर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन एवं प्रेम गोचर, संभागीय आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत आईजी कोटा रेंज रविदत्त गौड़, जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी एसपी सिटी डॉ.अमृता दुहन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनकी अगवानी की। एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री सीधे धाकड़ समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन स्थल दशहरा मैदान पहुंचे।

### समाज सेवा संस्था का स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

**कोटा, (निसं)।** माधवी मंच अग्रवाल समाज सेवा संस्था का स्नेह मिलन समारोह रविवार को डीसीएम रोड़ स्थित शिवाजी पार्क पर आयोजित किया गया। मुख्य संयोजिका प्रतिमा गोयल ने बताया कि पिकनिक में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संचालन विभूति जैन ने किया। इस दौरान अंजना अग्रवाल, बेला अग्रवाल, नेहा गुप्ता, आशा मारवाड़ी, अभिलाषा गोयल, संगीता गर्ग तथा कीर्ति गोयल उपस्थित रही। भाविप की माधव शाखा का निःशुल्क चतुर्थ सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

### 7 अनशनकारी चिकित्सालय में भर्ती 12 अनशन पर डटे

**बूंदी।** राजकीय शिक्षक मनीष मीणा हत्याकाण्ड में न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा को रविवार को जिला प्रशासन व पुलिस ने जिला कलेक्ट्रेट अनशन स्थल से जबरदस्ती उठाकर चिकित्सालय में भर्ती करवा दिया।इससे अनशन स्थल पर जोरदार हंगामा मच गया।रविवार को अनशनकारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद अचानक तहसीलदार व कोतवाली थानाधिकारी जाप्ते के साथ अनशन स्थल पर पहुंचे और चार दिन से आमरण अनशन पर बैठे राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा को उनके गिरते हुए स्वास्थ्य का हवाला देकर चिकित्सालय में भर्ती होने के लिये कहा।शर्मा ने स्व.मनीष मीणा के पीडित परिवार को न्याय मिलने तक अनशन स्थल पर ही डटे रहने की बात कही।इसके बाद शर्मा को पुलिसकर्मियों ने अनशन स्थल से खेंचकर जबरदस्ती उठा लिया और खेंचकर पुलिस की गाड़ी में बैठाकर चिकित्सालय ले गये।इससे अनशन स्थल पर जोरदार हंगामा मच गया।इससे पहले बूंदी एसडीएम एच डी सिंह व पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार ने भी अनशन स्थल पर आकर शर्मा से वार्ता की थी।

### कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ,

**बूंदी।** नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में पांच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत बीकानेर से चयनित सत्ताईस सदस्यीय युवा दल बूंदी की कला-संस्कृति से रूबरू होने पहुंचा। युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के एक निजी रिसोर्ट में स्थानीय विधायक हरिमोहन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से जुडे यूथ मोटीवेटर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सर्वेश तिवारी एवं अभिभाषक परिषद अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, उमंग संस्थान सचिव सहायक आचार्य कृष्णकांत राठौर एवं शाला निदेशक लोकेश सुखवाल विशिष्ट वक्ता रहे, अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी कशिश जेठवानी ने की।

## शिव परिवार की प्रतिमा का नगर भ्रमण


**मांगरोल ।** रंगबाड़ी बालाजी परिसर में चल रहे पांच दिनों से कार्यक्रम के दौरान चौथे दिन मंत्र उच्चारण हवन फिर शिव परिवार की प्रतिमा को नगर भ्रमण के लिए घुमाया गया जग-जग मार्ग में भक्त जनों ने पूजा अर्चना कर फूल बरसाए कर स्वागत किया। रास्ते में कई जगह मंच बना कर यात्रा का स्वागत किया।

यह शिव परिवार की प्रतिमा को रामचरण चोपड़ा जगदीश वेद ,नरेंद्र शर्मा ,धर्मेंद्र चौरसिया ,कमलेश पारेता सभी के हाथों में प्रतिमा लेकर भ्रमण किया यात्रा बालाजी से लालबाई माताजी ,हरिजन बस्ती, रेगर बस्ती ,पारेता समाज के भवन के सामने होते हुए पशु चिकित्सालय, छोटा बाजार ,कुंज चौक बाजार, आजाद चौक में बस स्टैंड ,रंगबाड़ी बालाजी धाम पर पहुंची भ्रमण यात्रा में महिला भक्तजन शिव जी के भजन गाते हुए रंगबाड़ी बालाजी पहुंचे । यात्रा में भक्तजन दूरदराज से भी आकर शामिल हुए।

जहां पर माहाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया । सोमवार को शिव पुराण प्रतिष्ठा समारोह के दिन विशाल भंडारा का आयोजन नगर के सयोग से किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### अवैध देशी पिस्टल सहित हार्डकौर अपराधी को किया गिरफ्तार


पिस्टल सहित हार्डकोर अपराधी को गिरफ्तार किया ।

**कोटा, (निसं)।** गुमानपुरा पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध पिस्टल एवं एक जिंदा कारतूस सहित हार्डकौर अपराधी को गिरफ्तार किया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में गठित टीम ने इलाके में गश्त चैकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए हार्डकौर अपराधी कोटड़ी गुमानपुरा निवासी आसिफ उर्फ आशिक (22) के पास से एक अवैध देशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस एवं एक खाली केस बरामद किया। पुलिस ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए आसिफ उर्फ आशिक को गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से मामले में अनुसंधान कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये हार्डकोर अपराधी के विरूद्ध अलग-अलग धाराओं में शहर के विभिन्न थानों में 20 प्रकरण दर्ज है।

### कोटा-बूंदी दुग्ध सहकारी संघ अध्यक्ष राठौड़ का लाड़पुरा ग्राम समितियों का दौरा

**कोटा, (निसं)।** कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने लाडपुरा क्षेत्र की विभिन्न ग्रामीण समितियों और जीएसएस का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया और फूल-मालाओं से लाद दिया। राठौड़ के साथ कोटा मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष निहाल सिंह राठौड़ भी रहे। राठौड़ ने अपने दौरे के दौरान डोलिया, पृथ्वीपुरा, गिरधरपुरा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर उन्होंने डोलिया के ग्रामीणों को सौगात देते हुए बोराबास से जीएसएस को डोलिया हस्तांतरित करवाया। बोराबास जीएसएस की बोर्ड बैठक भी आयोजित की गई। अध्यक्ष जसंतव सिंह व सचिव सतीश सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे। जसवंत सिंह ने बताया कि मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष निहल सिंह राठौड़ ने भी कई अपने विचार व्यक्त कर समिति को सुदृढ़ बनने के बात कहीं। जीएसएस की सौगात मिलने पर ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई और उन्होंने आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की। ग्रामीणों ने अध्यक्ष चौनसिंह राठौड को फूल-माला व साफा पहनाकर आभार प्रकट किया। इसके बाद राठौड़ चांद बावड़ी पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और नई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति खोलने की मांग रखी। राठौड़ ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर समिति की स्थापना की जाएगी। अपने उद्बोधन में राठौड़ ने कहा, दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का सशक्तिकरण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी सरकार और सहकारी संघ का मुख्य उद्देश्य किसानों और पशुपालकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है। हमने डोलिया को जीएसएस की सौगात दी है और आगे भी ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादकों के हित में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से आव्हान किया कि वे दूध उत्पादन को बढ़ावा दें और सहकारी समितियों से अधिक से अधिक जुड़ें ताकि उन्हें उचित मूल्य और सुविधाएं मिल सकें। डोलिया, किशनपुरा और चांद बावड़ी के लोगों ने ठाकुरजी के मंदिर में अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भर्दू सिंह, भेरू सिंह, मनोहर सिंह और मोहन सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राठौड़ के दौरे से ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।

### गुर्जरगौड़ ब्राह्मण सामूहिक विवाह संचालन समिति की बैठक आयोजित

**कोटा, (निसं)।** श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण सामूहिक विवाह संचालन समिति की बैठक राधाकृष्ण मन्दिर तलवण्डी पार्क मे आयोजित की गई। विवाह संचालन समिति के अध्यक्ष विजय गौतम व महामंत्री राजेश गौतम ने बताया कि समिति के तत्वाधान मे 25वां निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 अप्रेल रविवार को महर्षि गौतम छात्रावास परिसर श्रीनाथपुरम ठ, मे आयोजित किया जाएगा। जिसकी आमंत्रण एंव निमंत्रण पत्रिका का विमोचन छात्रावास समीति के अध्यक्ष व पार्षद बाल चन्द शर्मा फौजी, महिला संयोजिका शोभा शर्मा, संरक्षक बी एम पंचोली, संयोजक महेश द्विवेदी, श्याम मनोहर आचार्य ने किया। अध्यक्ष विजय गौतम ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये महामंत्री राजेश गौतम (रेलवे), कोषाध्यक्ष रघुनन्दन गौतम, उपाध्यक्ष हर्षित गौतम एवं संचालक सदस्य सुरेन्द्र शर्मा, इन्द्रकुमार गौतम, गिर्राज गौतम, रमेश चन्द शर्मा, संजय गौतम, बीएल शर्मा, हर्षवर्धन शर्मा को मनोनित किया। महामंत्री एव प्रेस सचिव राजेश गौतम ने बताया कि बैठक मे विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शहर की ईकाईयो एवं हाड़ौती क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की ईकाईयो को एकजुट कर रूपरेखा बनाई गई तथा समस्त भारतवर्ष के समाजबंधुओं को इस कार्यक्रम से जोड़ने व सामुहिक विवाह सम्मेलन मे अधिक से अधिक विवाह योग्य युवक-युवतियों का विवाह सम्पन्न करवाने, समाज मे सामूहिक विवाह सम्मेलन के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु समिति द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इस हेतु महिला ईकाईया भी गठित की गई जिसमे रेणु गुर्जर गौड़, कुसुम शर्मा, इन्दु गौतम, मधु शर्मा, बीना शर्मा एव स्नेहा गौतम को चुना गया।

## नींद लेने में आने वाली समस्याओं पर कार्यशाला

- क्योंकि लंबे समय तक नींद की कमी गंभीर शारीरिक और मानसिक हानि और अंततः मृत्यु की और ले जाती है।

**कोटा, (निसं)।** नींद एक ऐसा व्यवहार है जो हर इंसान करता है और यह मानव जीवन का लगभग एक तिहाई भाग घेरता है। यह जीवित रहने के लिए स्पष्ट रूप से आवश्यक है, क्योंकि लंबे समय तक नींद की कमी गंभीर शारीरिक और मानसिक हानि और अंततः मृत्यु की और ले जाती है। अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा रविवार को नींद लेने में आने वाली समस्याओं के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ.नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा नींद लेने में आने वाली समस्याओं, इनके कारण, इनसे जुड़ी गलतफहमियां और तथ्य, निदान, इलाज के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। नींद की समस्याएँ शारीरिक और भावनात्मक दोनों तरह की समस्याओं से जुड़ी होती हैं। नींद की समस्याएं बहुत प्रकार की होती हैं, जिसमें नींद नहीं आना, बहुत जल्दी उठ जाना, नींद में बार-बार सांस रुकना और शुरू होना, जोर से खर्राटे लेना, सोते रहने में कठिनाई होना, दिन में अत्यधिक नींद आना, नींद में पैरों को बहुत तेज हिलाना, अचानक नींद आ जाना, नींद में चलना या बात करना आदि शामिल हैं। नींद की समस्याएँ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों में योगदान दे सकती हैं या उन्हें बढ़ा सकती हैं और अन्य मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों का लक्षण भी हो सकती हैं जैसे डिप्रेशन, एंजाइटी आदि। कुछ अन्य कारणों में शारीरिक बीमारियां, सोने से पहले शराब/नशे/मोबाइल का सेवन, आनुवांशिकी, किसी दवा का दुष्प्रभाव, खराब दिनचर्या आदि भी शामिल हैं। विषय विशेषज्ञों के द्वारा बताया गया कि नींद में आने वाली समस्याओं के प्रबंधन के लिए दवाईयां, काउंसलिंग, प्रकाश थैरेपी, सोने का एक नियमित रूटीन आदि का उपयोग किया जाना चाहिऐं।

## छठीं खेलकूद प्रतियोगिता शुरु

**कोटा, (निसं)।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल सचिव अब्दुल खालिक ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व.केशव कुलकर्णी की स्मृति में वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ क्रिकेट, वॉलीबॉल, रस्सा-खींच, के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है इन कार्यक्रमों का उद्घाटन वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के जोनल अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुधीर सरवरिया मुख्य कारखाना प्रबंधक, तथा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर जफर मोहम्मद चेयरमैन प्रगति एजुकेशनल ग्रुप, मंडल कार्मिक अधिकारी अविरल शर्मा एवं प्रेम भाटिया डायरेक्टर भाटिया एंड भाटिया ग्रुप रहे। मुख्य अतिथि सुधीर सरवरिया ने कहा की खेल-कूद जीवन में अत्यंत आवश्यक है तथा आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में इसका महत्व बढ़ गया है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ रेलकर्मियों के लिए सदैव ही सकारात्मक कार्य करता रहा है और उसी कड़ी में यह कदम भी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से आर.सी. मीणा, रविंद्र शर्मा, चेतन शर्मा, अजय चंद्रावत, भूपेंद्र धाकड़, निजाम समेत सैकड़ों मजदूर संघ के कार्यकर्ता एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

## ब्लड बैंक टेक्नीशियन बना सहारा, देर रात की एसडीपी डोनेट

**कोटा, (निसं)।** टीम जीवनदाता द्वारा निरंतर लोगों की सेवा की जा रही है, देर रात भी सर्द मौसम में मदद का जज्बा कम नहीं होता। बीती रात भी ऐसा ही एक मामला सामने आया जब मरीज झालावाड़ निवासी रामसिंह को ए पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, मरीज के परिजन निरंतर परेशान हो रहे थे क्युंकी मरीज के मुंह से लगातार ब्लीडिंग हो रही थी। रात करीब 1.30 से 2.00 बजे का समय था, लोग फोन नहीं उठा रहे थे, डोनर्स नहीं मिल रहे थे। ऐसे में जब मरीज की गंभीर स्थिति को टीम जीवनदाता के संयोजक भुवनेश गुप्ता ने काफी प्रयास किऐं। एक डोनर अलसुबह के लिए तैयार हुये किंतु इमरजेंसी में झालावाड़ से आए मरीज राम सिंह के पुत्र नेपाल सिंह की दयनीय स्थिति देख गुप्ता ने टेक्निशियन वीरेंद्र को स्थिति समझाई। अपना ब्लड सेंटर के टेक्नीशियन वीरेंद्र ने मानवता का धर्म निभाते हुए तुरंत तैयार हुवे व एसडीपी डोनेट की। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि वीरेंद्र मालव ने ए पॉजिटिव एसडीपी डोनेशन की है, लेकिन जब वह रात को ड्यूटी पर थे तो उनकी एसडीपी की प्रक्रिया को पूर्ण करने वाला कोई नहीं था, ऐसे में रात को ही दूसरे टेक्निशियन को बुलाया गया। टेक्निशियन रविंद्र ने वीरेंद्र की एसडीपी की प्रक्रिया को पूर्ण किया। रात 3.30 बजे मरीज के परिजनों को एसडीपी उपलब्ध करा दी गई। ऐसी स्थिति में मरीज के परिजनों ने कहा कि वास्तव में कोई मदद का जज्बा है तो टीम जीवनदाता से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने भी आश्वस्त किया कि वह भी आगे चलकर इस तरह की विकट परिस्थितियों में लोगों की मदद को आगे आएंगे। डोनर वीरेंद्र ने मदद करने के अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि ईश्वर के द्वारा दिए मदद के ऐसे अवसर को सदेव सर्वोपरि रखना चाहिए।

## चिकित्सा शिविर में 222 रोगियों ने करवाई जांच

**बूंदी ।** जिला अंधता निवारण समिति एवं धर्मेंद्र प्रकाश चैरिटेबल ट्रस्ट एवं रोटरी क्लब द्वारा स्वर्गीय शीला दौराश्री की स्मृति में रविवार को रेड क्रॉस भवन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ । शिविर में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक डोगरा थे । विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश अठावाल सभापति सरोज अठावाल जिला कोषाधिकारी चित्रा सिंह ने शिरकत की । कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया । क्लब सदस्यों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया । रोटरी क्लब अध्यक्ष महेश पाटौदी ने बताया कि शिविर में जिले भर से आए 222 रोगियों ने जांच कराई जिसमें से 68 रोगियों को जांच के पश्चात लैंस प्रत्यारोपण किया गया । जिनका निशुल्क ऑपरेशन नीमच बूंदी आई अस्पताल में ऑपरेशन किया जाएगा । मुख्य अतिथि डोगरा ने शिविर में आए सभी रोगियों को रोटरी क्लब की ओर से कराए जाने वाले कार्यो की जानकारी दी और रोटरी क्लब की सेवा कार्यों की प्रशंसा की ।

## मासूम बालिका के परिजनों को कलेक्टर 1लाख की राशि का चेक प्रदान किया

**कोटा, (निसं)।** देशवाली महासभा शिक्षा एवं विकास संस्थान द्वारा 23 फरवरी रविवार को कोटा के चंद्रेसल रोड़ स्थित एसएल सभागार काला तालाब में राज्यस्तरीय देशवाली प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा, इसमें शिक्षा, चिकित्सा, खेलकूद, साहित्य, कला एवं अन्य क्षेत्रों में अपना नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। देशवाली महासभा शिक्षा एवं विकास संस्थान के मीडिया प्रभारी फारुख राणा ने बताया कि 9 फरवरी रविवार को इसके लिए महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हनीफ खान खत्री की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित की गई, इसमें इस समारोह के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षाविद् डॉ.जफर मोहम्मद, पुलिस उप अधीक्षक एसीबी अनीस अहमद, एडवोकेट मंजूर तंवर, अध्यक्ष हनीफ खत्री, प्रवक्ता फारुक राणा, सचिव व पार्षद मोहम्मद यूनुस बब्बू, इरफान गौड़, सचिव साहिल, असलम गौड, अली मस्तान बंटी सर, बारां से अशरफ देशवाली, रईस फैजी, पूर्व पार्षद बारां नियाज मोहम्मद, शाहिद इकबाल भाटी ने पोस्ट का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से फखरू भुट्टो, युसूफ भुट्टो, इब्राहिम खान, शब्बीर मानपुरा, नन्हा भाई भाटी, इकराम अली, आशिक सर, कय्यूम भुट्टो, अनीस मियां सलमान, नफीस मोहम्मद, इकबाल एडवोकेट, फारुक खान, एडवोकेट इसाक अहमद, एडवोकेट रफीक देशवाली, अब्दुल कुद्दुस, जावेद खान के साथ कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की।



देशवाली समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन हुआ।

## सीएम का जिलाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में भाजपा कोटा शहर ने किया भव्य स्वागत

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का 51 किलो के पुष्पहार से किया अभिनंदन



कोटा में सीएम भजनलाल शर्मा का पुष्पहार से भव्य स्वागत किया गया।

**कोटा, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कोटा आगमन पर मदन दिलावर शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार, संदीप शर्मा विधायक कोटा दक्षिण, कल्पना देवी विधायक लाड़पुरा व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के सानिध्य में अभिनंदन किया।

घोड़े वाला बाबा चौराहे, टीलेश्वर महादेव मंदिर पर पार्टी दुपट्टा, साफा पहनाकर, राम भगवान के प्रतीक चिन्ह एवं 51 किलो के पुष्पहार से भव्य स्वागत किया गया। वरिष्ठ कार्यकर्ता विशाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौडा, देवेन्द्र राही, कुलदीप सिंह तलवार, शैलेन्द्र ऋषी, दादाबाड़ी मण्डल अध्यक्ष लव आजाद मंच पर उपस्थित रहें। इस अवसर पर मोदी जिंदाबाद, भारत माता की जय, फूल कमल का जिंदाबाद के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने इस अवसर पर कहां कि यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपनी सहभागिता दी थी, सभी के सामूहिक प्रयासों से दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत हुई। भाजपा कोटा शहर द्वारा आपका आत्मिक अभिनंदन राकेश जैन ने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुखिया प्रयागराज से सीधे चंबल की धरती कोटा की माटी पर आने से सभी कोटावासियों को संगम की डुबकी का पुण्य मिलेगा । इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वागत अभिनंदन के लिये सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का जय जय श्री राम कहकर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रामबाबू सोनी पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा के सभी मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रतिनिधि, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष से लेकर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक-4834 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 31.1.25

आवास संख्या 2-ई-19 महावीर नगर तृतीय, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री वासुदेव रौहिड़ा पुत्र श्री हरियल दास को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री जयराम दास पुत्र श्री कोड़ा मल के नाम दिनांक 28.03.2010 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री जयराम दास पुत्र श्री कोड़ा मल द्वारा दिनांक 24.05.2010 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री जयराम दास पुत्र श्री कोड़ा मल की मृत्यु दिनांक 20.08.2011 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री तीरथ दास पुत्र स्व.श्री जयराम दास पेशवानी, श्री मंजू आहूजा पत्नी श्री अनिल आहूजा पुत्री स्व.श्री जयराम दास, श्री अशोक पेसवानी पुत्र स्व.श्री जयराम दास पेशवानी एवं श्री किरण सुखवानी पत्नी श्री श्याम सुखवानी पुत्री स्व.श्री जयराम दास पेशवानी द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 26.10.2023 को श्रीमती उषा पत्नी स्व.श्री जयराम दास के पक्ष में किया गया। श्रीमती उषा पत्नी स्व.श्री जयराम दास द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-ई-19 महावीर नगर तृतीय, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः इस आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्रीमती उषा पत्नी स्व.श्री जयराम दास के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती उषा पत्नी स्व.श्री जयराम दास के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नही है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती उषा पत्नी स्व.श्री जयराम दास के नाम कर दिया जावेगा।

**उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा**



भारत के बाद चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड सबसे मजबूत टीमों में से एक है। क्योंकि बड़ी प्रतियोगिताओं में यह टीम अपने खेल के शीर्ष पर होती है। -आर. अश्विन

**पूर्व भारतीय गेंदबाज,** भारत और न्यूजीलैंड को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## पीवी सिंधु



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप (बीएएमटीसी) 2025 में भाग नहीं लेंगी। पीवी सिंधु को चार फरवरी को गुवाहाटी में प्रशिक्षण शिविर के दौरान चोट लग गई थी। चोट के कारण सिंधु ने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया हैं। पीवी सिंधु ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया, भारी मन से मैं यह साझा कर रही हूं कि मैं बीएएमटीसी 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। गुवाहाटी में 4 तारीख को प्रशिक्षण के दौरान, मुझे अपनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव महसूस हो रहा है।

**क्या आप जानते हैं ?......** एस्टोनिया के बल्लेबाजसाहिल चौहान ने सिर्फ 27 गेंदों में शतक जड़कर टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

## 'दिमाग कहां है तेरा' हर्षित राणा की गलती पर बिफर पड़े कप्तान रोहित शर्मा

कटक 9 फरवरी । कटक में भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 304 रन बनाए हैं। दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले हर्षित राणा पर रोहित शर्मा जमकर बिफर पड़े।हर्षित राणा दूसरे मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के लपेटे में आ गए। जहां इस मैच में हर्षित राणा ने एक ऐसी हरकत कर दी। जिसके बाद कप्तान खुद पर काबू नहीं रख पाए और युवा खिलाड़ी पर जमकर सुना दी।कटक के बाराबती स्टेडियम में खेले जा रहे इस दूसरे वनडे मैच के दौरान हर्षित राणा ने एक भारी गलती कर दी। जिसके बाद रोहित शर्मा को उन पर खतरनाक गुस्सा आ गया। दरअसल, हुआ यूं कि इंग्लैंड की पारी को 32वां ओवर चल रहा था। जिसे हर्षित राणा डाल रहे थे। इस ओवर में हर्षित ने बेहतरीन गेंदबाजी की और पहली चार गेंदों में कोई रन नहीं दिया।इसके बाद ओवर की 5वीं गेंद भी बढ़िया रही और इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर ने उस गेंद को फॉलोकरने के थ्रू में खेल दिया। जहां हर्षित राणा ने अपनी गेंद पर फील्ड करने के बाद विकेट की तरफ जोर से थ्रो किया। गेंद विकेटकीपर को बीट करती हुई पीछे की तरफ बाउंड्री लाइन के पार चली गई। जिससे इंग्लैंड को तोहफे में 4 रन मिल गए।इसके बाद रोहित शर्मा का पारा चढ़ गया और वो हर्षित राणा पर झल्ला गए। उन्होंने राणा को फटकार लगाते हुए कहा कि दिमाग कहां है तेरा इसके बाद हर्षित राणा चुपचाप बॉलिंग एंड पर चले गए।

## जल्द जारी होगा आईपीएल 2025 का शेड्यूल

नई दिल्ली, 9 फरवरी। आईपीएल 2025 का आगाज 21 मार्च से होना है। टूर्नामेंट के शेड्यूल को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन का फुल शेड्यूल इस हफ्ते जारी हो सकता है। टूर्नामेंट का पहला मैच पिछले सीजन की फाइनलिस्ट टीमों के बीच आयोजित होगा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले सीजन का खिताब जीता था। उसने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था।आईपीएल 2025 का शेड्यूल जल्द ही जारी हो सकता है। हालांकि, इसको लेकर अभी तक किसी भी तरह की ऑफिशियल जानकारी नहीं मिली है। टूर्नामेंट का आगाज 14 मार्च होना था। लेकिन बाद में इसे आगे बढ़ा दिया गया था। अब ये 21 मार्च से खेला जाएगा।टूर्नामेंट का पहला मैच पिछले सीजन की फाइनलिस्ट के बीच खेला जाता है। लिहाजा इस बार भी ये परंपरा आगे बढ़ सकती है। आईपीएल 2024 का फाइनल कोलकाता और हैदराबाद के बीच खेला गया था। इस बार आईपीएल 2025 का पहला मैच इन दोनों टीमों के बीच खेला जा सकता है। ये मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आयोजित हो सकता है।

# रोहित फॉर्म से भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया, जड़ा 32वां शतक



कटक 9 फरवरी। रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा (119) की शतकीय, शुभमन गिल (60) और अक्षर पटेल (नाबाद 41) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 33 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

इंग्लैंड के 304 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और शुभमन गिल की भारतीय सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 136 रनों की साझेदारी की। 17वें ओवर में जेमी ओवर्टन ने शुभमन गिल को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। गिल ने 52 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (60) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली एक बार फिर विफल रहे। उन्हें आदिल रशीद ने (पांच) रन पर पवेलियन भेज दिया। इस दौरान रोहित शर्मा एक छोर पर डटे रहे और उन्होंने अपना 32वां शतक पूरा किया।

30वें ओवर में लियम लिविंगस्टन ने रोहित को आदिल रशीद के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ा झटका दिया। रोहित ने 90 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के लगाते हुए (119) रनों की पारी खेली। 37वें ओवर में अपने अर्धशतकी की ओर बढ़ रहे श्रेयस अय्यर रनआउट हुये। श्रेयस अय्यर ने 47 गेंदों तीन चौके ओर एक छक्का लगाते हुए (44) रन बनाये। जेमी ओवर्टन की गेंद पर सॉल्ट के एल राहुल (10) का कैच पकड़ा।

हार्दिक पंड्या (10) रूप में भारत का छठा विकेट गिरा। उन्हें गस ऐटकिंसन ने आउट किया। भारत ने 44.3 ओवर में 308 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। अक्षर पटेल (41) और रवींद्र जडेजा (11) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से जेमी ओवर्टन ने दो विकेट लिये। आदिल रशीद, गस ऐटकिंसन और लियम लिविंगस्टन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां बाराबती स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी फिल सॉल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़े। 11वें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने फिल सॉल्ट (26) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जो रूट ने बेन डकेट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने बेन डकेट को आउटकर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। बेन डकेट ने 56 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए (65) रनों की पारी खेली। हैरी ब्रूक (31) को हर्षित राणा ने और कप्तान जॉस बटलर (34) को हार्दिक पंड्या ने आउट किया। इंग्लैंड ने शुरुआती 10 ओवरों में जहां तेजी के साथ आठ रन से अधिक की औसत के साथ रन बटोरे, वहीं उसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे उसके रनों की रफ्तार धीमी होती चली गई। 43वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने जो रूट को आउटकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। जो रूट ने 72 गेंदों में छह चौकों की मदद से (69) रन बनाये। इसके बाद जडेजा ने जेमी ओवर्टन (छह) को भी अपना शिकार बना लिया। गस ऐटकिंसन (तीन) को शमी ने आउट किया। आठवें विकेट के रूप में आदिल रशीद (14) रनआउट हुये। आखिरी ओवर में लियम लिविंगस्टन (41) और मार्क वुड (शून्य) पर रनआउट हुये। इंग्लैंड की पूरी टीम 49.5 ओवर में 304 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट लिये। मोहम्मद शमी, हर्षित राणा, हार्दिक पंड्या और वरूण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पाकिस्तान के गद्दाफी स्टेडियम की पोल खुली, खराब लाइटिंग के कारण रचिन रविंद्र को लगी चोट?



लाहौर, 9 फरवरी । पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच शनिवार को ट्राईसीरीज का पहला मैच खेला गया। इस मुकाबले में ऑलराउंडर में रचिन रविंद्र चोटिल हो गए। उनके चोटिल होने के बाद पाकिस्तान की मेजबानी पर सवाल उठ गए हैं।

सोशल मीडिया पर फैंस आरोप लगा रहे हैं कि रचिन रविंद्र गद्दाफी की कराब लाइटिंग के कारण चोटिल हुए हैं।ट्राईसीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी करते हुए 330 रन बनाए। इसके बाद पाकिस्तान की टीम बल्लेबाजी करने उतरी। मैच के 38वें ओवर में रचिन दर्दनाक हादसे के शिकार हुए।

न्यूजीलैंड के लिए ये ओवर माइकल ब्रेसवेल डाल रहे थे। ओवर की तीसरी गेंद पर पाकिस्तानी बल्लेबाज खुशदिल शाह ने डीप स्क्वॉयर पर दमदार शॉट खेला। रचिन की ओर गेंद गई तो लगा कि वह आसानी से उसे लपक लेंगे। हालांकि, गेंद उनके सिर पर लगी।

गेंद लगते ही रचिन जमीन पर बैठ गए। थोड़ी देर में उनके सिर से खून निकलता हुआ दिखने लगा जिसके बाद पूरा स्टेडियम शांत हो गया। रचिन के सिर पर तौलिया रखकर खून रोकने की कोशिश की गई और उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया।

इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर कई यूजर्स का दावा है कि खराब लाइटिंग के कारण से रचिन रविंद्र गेंद नहीं देख पाए। कुछ ने स्टेडियम की लाइट्स को चाईनीज लाइट भी कहा। इसके लिए लोगों ने पाकिस्तान की काफी आलोचना भी की और कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान होते हुए इतना खराब इंतजाम किया है।

## जयपुर ब्वॉयज ओर गर्ल्स फुटबाल अकादमी ने रियान अजमेर को 6-0 से हराया



जयपुर, 9 फरवरी। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में एस एस जैन सुबोध शिक्षा समिति के प्रांगण में जारी आर लीग यूथ अंडर-13 फुटबॉल प्रतियोगिता में पांच मैच खेले गए।

जयपुर एलिट फुटबाल क्लब जयपुर और जयपुर यूनाइटेड फुटबाल क्लब के बीच खेला गया जिसमें जयपुर एलीट क्लब ने मैच 6:0 से जीत लिया दूसरा मैच चैंपियन मेकर्स और रॉयल फुटबाल स्कूल के बीच खेला गया दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया व निर्धारित समय तक 7-1 से मैच चैंपियन मेकर्स अजमेर ने जीत हासिल की। तीसरे मैच में राजस्थान फुटबाल स्कूल जयपुर ने जयपुर फुटसाल फुटबाल क्लब को 3:1 से पराजित किया।

चौथे मैच में ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब और ए स ल फुटबाल क्लब के मध्य खेला गया जिसमें अंतिम समय तक ब्रदर्स यूनाइटेड ने 6:0 मैच जीत लिया। अंतिम मैच में जयपुर ब्वॉयज ओर गर्ल्स ने रियान फुटबॉल क्लब अजमेर को 6:0 से पराजीत किया। मुख्य अतिथि के तौर पर गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे दिलीप पुनिया, भवानी सिंह भाटी। राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि 19 जनवरी से शुरू हुई आर लीग में कुल 90 मैचों में से जिसमें अब तक 35 मैच हो चुके हैं।

## मनन हिंगराजिया और जयमीत पटेल ने गुजरात को दिलाई बढ़त

राजकोट, 9 फरवरी । मनन हिंगराजिया (83) और जयमीत पटेल (नाबाद 88) की जूझारू पारियों की बदौलत गुजरात ने चार विकेट पर 260 के स्कोर खड़ा कर 44 रनों की बढ़त बना ली हैं। गुजरात ने कल के बिना विकेट खोए 21 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में गुजरात के स्कोर में अभी दो रन का इजाफा हुआ था कि आर्य देसाई (11) को जयदेव उनादकट ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद प्रियांक पांचाल (25) और सिद्धार्थ देसाई (18) रन बनाकर आउट हुये। एक समय सौराष्ट्र ने 78 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। ऐसे संकट के समय मनन हिंगराजिया और जयमीत पटेल ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने टीम को संकट से उबारते हुए चौथे विकेट के लिए 134 रनों की साझेदारी की।

## टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने दुबई में खरीदा नया घर, करोड़ों में है कीमत

नई दिल्ली, 9 फरवरी । भारत की टेनिस स्टार सानिया मिर्जा कई सालों से दुबई में रह रही हैं। हालांकि, वे भारत भी आती जाती रहती हैं। सानिया का दुबई में पहले से ही एक घर है वहीं उन्होंने दोबारा दुबई में करोड़ों का घर खरीदा है।

सानिया ने कर्ली यूट्ययूब चैनल पर बताया कि वे कई सालों से टेनिस खेल रही हैं। इस कारण से वे सहूलियत के लिए दुबई में ही रहती हैं। हालांकि, सानिया बीच-बीच में भारत भी आती रहती हैं।सानिया ने अपने दुबई वाले घर का इंटीरियर खुद ही डिजाइन किया है।

सानिया के घर का बाहरी हिस्सा सफेद रंक का है। वहीं घर की अंदर की दीवार पर हाथी का प्रोप लगवा रखा है। ये गोल्डन रंक का है। साथ ही इसमें और भी महंगी चीजें लगाई गई हैं।

सानिया के लिविंग रूम में बड़ा डायनिंग टेबल है। इसकी कीमत लाखों में है। अगर पूरे घर की बात करें तो ये करोड़ों रुपये का है। हालांकि, इसकी असल कीमत का पता नहीं चल पाया है। सानिया अपने जीवन में काफी व्यस्त रहती हैं। वे बिजनेस भी करती हैं उनकी टेनिस एकेडमी भी है।

राजधानी

# दिल्ली चुनाव में जनता ने नकारा तो कांग्रेस को फिर याद आ रहे हैं हिंदू : मदन राठौड़

## 'बांग्लादेश में हिंसा रोकने के लिए केन्द्र सरकार कर रही कूटनीतिक प्रयास'

**जयपुर** (कासं) । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बांग्लादेश हिंसा पर किए गए ट्वीट पर पलटवार करते हुए कहा है कि दिल्ली चुनावों में करारी हार के बाद अब कांग्रेस नेताओ को एक बार फिर हिंदू याद आने लगे है। दिल्ली चुनावों में तुष्टीकरण के चलते धर्म विशेष को खुश करने के लिए इतने दिन किसी भी कांग्रेस नेता के मुंह से बांग्लादेश हिंसा पर एक शब्द नहीं निकला लेकिन दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद एक बार फिर कांग्रेस नेताओं ने छद्म हिंदुत्व का राग अलापना शुरू कर दिया है। सदैव तुष्टीकरण की बात करने वाले भी अब हिन्दु हितो की बात करने लगे हैं यह अच्छी बात है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि बांग्लादेश हिंसा को लेकर केन्द्र सरकार कूटनीतिक रूप से वहां की सरकार पर दवाब बना रही है। केन्द्र सरकार एवं विदेश मंत्रालय में समय समय पर बांग्लादेश के दूतावास एवं बांग्लादेश सरकार को हिन्दुओं पर हो रहे हमलो को रोकने का कड़ा सन्देश दिया हैं साथ ही विदेश मंत्रालय



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़

पूर्ण स्थिति पर निगाह बनाऐ हुऐ है। केन्द्र सरकार के साथ ही भाजपा ऐसी अमानवीय घटनाओं की पूर्णत: रोकथाम के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं। वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के अनेक लोकतांत्रिक देशों से बात कर उन देशों द्वारा भी बांग्लादेश पर यथोचित दबाव बनाने का निरन्तर प्रयास किया हैं। केन्द्र सरकार के इन प्रयासो के कारण ही बांग्लादेश में निर्मम अमानवीय हिंसक घटनाओं पर अंकुश लगा है।

- **'पुजारियों के मानदेय में बढोतरी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ऐतिहासिक निर्णय'**
- **दिल्ली के बाद अब बिहार चुनावों का परिणाम भी भाजपा के पक्ष में आएगा : राठौड़**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए पुजारियों के मानदेय बढोतरी के निर्णय को ऐतिहासिक बताया और कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ तुष्टीकरण किया था, एक ही धर्म को आगे बढाने का कार्य किया। हम सभी धर्मो का सम्मान करते है। मंदिरों को कांग्रेस सरकार ने कोई सहयोग नहीं किया उल्टा मंदिरों पर टैक्स लगाए। देवस्थान विभाग ने अंडरटेकिंग करने का काम किया है। सीएम भजनलाल ने पवित्र स्थल कुंभ में जाकर मंत्रिमंडडल की बैठक की और पुजारियों का मानेदय बढाया। वहीं मंदिरों के विकास पर उन्होंने कहा कि मंदिर संस्कार व आध्यात्मिक शक्ति के स्थल है और मंदिर जाने के बाद आमजन में आत्मविश्वास का भाव जागृत होता है। इस दौरान दिल्ली चुनावों के नतीजों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि यह सही है असत्य ज्यादा दिन नहीं चल सकता। अन्ना हजारे के आंदोलन से उपजी देशवासियों की भावनाओं को केजरीवाल ने हथियार बनाया और आम आदमी के नाम का सहारा लेकर दिल्ली की सत्ता हासिल की।

इसके बाद केजरीवाल और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी आकंठ भ्रष्टाचार में डूब गए थे। उनके ऐसे कारनामो को देखकर लगता है कि आम आदमी पार्टी का लंबा भविष्य नहीं है। दिल्ली चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि पीएम नरेन्द्र मोदी ही स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दे सकते है। दिल्ली के बाद अब बिहार के चुनावों में भाजपा जीत का परचम लहराएगी।

## विकास के विजन के साथ आगे बढ़ रहा देश, 2047 तक होगा विकसित : देवनानी

### 'भारतीय जीवन बीमा निगम देश की तरक्की और आमजन में सुरक्षा के भाव का महत्वपूर्ण अंग'



**राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंश्योरेंस वर्कर्स की 19वीं त्रैवार्षिकी ऑल इण्डिया कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया।**

**जयपुर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि आज का भारत एक वृहद दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। हम विश्वगुरू थे और रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत की अलग पहचान है। वर्ष 2047 तक हम निश्चित रूप से विकसित भारत बन जाएंगे। नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंश्योरेंस वर्कर्स की 19वीं त्रैवार्षिकी ऑल इण्डिया कॉन्फ्रेंस अजमेर में आयोजित हुई। इसमें पूरे देश के भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्मिकों ने भाग लिया।

अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि देश एक वृहद विजन के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 तक हम निश्चित रूप से एक विकसित राष्ट्र बन जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को जो सशक्त नेतृत्व दिया है वह हमें पूरी दुनिया में सबसे मजबूत और शक्तिशाली बना रहा है। उन्होंने एलआईसी कार्मिकों का आव्हान किया कि देश के लिए वे भी अपना सम्पूर्ण योगदान दें। देवनानी ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम देश की तरक्की और आमजन में सुरक्षा के भाव का एक महत्वपूर्ण अंग है। निगम का बीमा यानि सुरक्षा की गारंटी, आमजन को किसी भी स्तर पर परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि भारत में बड़ी संख्या ग्रामीण आबादी की है। एलआईसी गांवों तक भी अपनी पहुंच बनाने के लिए एक बड़ी रणनीति बनाकर काम करे और ग्रामीणों को अपनी वित्तीय सुरक्षा के दायरे में लें। पूरे देश में आज 55 से 60 प्रतिशत बीमा मार्केट में एलआईसी का प्रभुत्व है। यह विश्वास एलआईसी ने अपनी शानदार सेवाओं से बनाया है। इस विश्वास को और अधिक मजबूत करें तथा गांवों तक अपनी सेवाओं का लाभ पहुंचाएं।

रावत ने कहा कि ग्रामीण आबादी को बीमित करने से निचले स्तर तक सुरक्षा व खुशहाली बढेगी। गांव का आदमी वित्तीय रूप से सुरक्षित महसूस करेगा तो वह और अधिक जोश व लगाव के साथ देश की तरक्की में अपना योगदान देगा व उत्पादकता को बढ़ाएगा।

आयोजन समिति अध्यक्ष सुनील दत जैन ने कहा कि युग परिवर्तित हो रहा है, हम भी बदलें। स्वयं भी जागृत हो और देश को भी जागृत करे। पिछले करीब डेढ दशक में देश की दशा व दिशा बदली है, हम भी इसमें अपना पूरा योगदान दें। स्वागत अध्यक्ष के रूप में सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने सभी का स्वागत किया। नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंश्योरेंस वर्कर्स के महामंत्री अतुल देश पांडे ने संगठन की सोच व कार्यशैली से अवगत कराया।

कार्यक्रम में एनओआईडब्ल्यू के पदाधिकारी एवं देशभर से आए प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्यानेश प्रजांपे सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन अनुराग मिश्रा ने किया।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रयागराज में की पूजा-अर्चना

**प्रयागराज/जयपुर** । उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को प्रयागराज में पावन त्रिवेणी संगम तट पर स्थित अक्षय वट के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सकल मंगलकामनाओं की पूर्ति के लिए आस्था का दीप जलाया एवं समस्त विश्व के कल्याण की कामना की।

उन्होंने कहा कि अक्षय वट आज सनातन धर्म के ध्वजवाहक के तौर पर सकल विश्व में अपनी पहचान को पुख्ता कर रहा है। यह वट उस अमर चेतना का परिचायक है, जो हजारों वर्षों से ज्ञान, विज्ञान एवं अध्यात्म के रूप में भारत में प्रवाहित हो रही है। इस दौरान दिया कुमारी ने बड़े हनुमान मंदिर और प्राचीन नागवासुकी मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की।

इस दौरान उन्होंने जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर आचार्य अवधेशानंद गिरि महाराज एवं जगतगुरु रामानंदाचार्य रामभद्राचार्य महाराज का वंदन कर उनका आशीर्वाद एवं प्रेरणादाई मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा विभिन्न धार्मिक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य सनातन में पुण्य कर्मों का प्रतिफल है। पूज्य साधु-संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर ईश्वर की अनंत कृपा का अनुभव कर रही हूं।

उन्होंने कहा कि महाकुम्भ की पवित्रता को बनाए रखने वाले स्वच्छता कर्मी असली नायक हैं। स्वच्छता के इस महान कार्य में उनकी मेहनत और समर्पण से यह महापर्व और भी दिव्य एवं स्वच्छ बना है। आइए, हम सब उनके प्रयासों की सराहना करें और महाकुम्भ मेला क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने में उनका सहयोग करें।

## साइबर ठगी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर/अलवर।** अलवर जिले की बगड़ तिराहा थाना पुलिस ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक आईडी से विज्ञापन देकर खिलौनों की होम डिलीवरी पहुंचाने के नाम पर एडवांस के रूप में रकम लेकर ठगी किया करते थे। पुलिस ने इनके पास से दो एंड्राइड मोबाइल और दो सिम कार्ड बरामद किए हैं, जिनमें ठगी से संबंधित साक्ष्य मिले हैं।

अलवर एसपी संजीव नैन ने बताया कि जिले में ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन आदि के विरुद्ध कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह व पुलिस उपाधीक्षक यातायात मुकेश चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। गठित टीम लगातार ऑनलाइन ठगी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। साथ ही साइबर ठगी से प्रभावित गांवों में दबिश देकर साइबर ठगी में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है। इसी क्रम में एसएचओ बगड़ तिराहा श्यामलाल मीणा मय टीम द्वारा आ सूचना तंत्र में तकनीकी सहायता की मदद से गांव नाडका में दबिश दी। जहां मोबाइल से साइबर ठगी का प्रयास कर रहे दो आरोपियों अजहरुद्दीन एवं जफरुद्दीन को गिरफ्तार किया।

# ‘महाकुंभ जैसा अनुभव मातृकुंडिया में आकर हो रहा है’

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने मातृकुंडिया में महादेव के नये मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लिया



*उपराष्ट्रपति डॉ. जगदीप धनखड़ ने चित्तौड़गढ़ में अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट समाज महासभा संस्थान के मातृकुंडिया धाम में महादेव के नवीन मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लिया और पूजा-अर्चना की।*

जयपुर, 9 फरवरी। उपराष्ट्रपति डॉ. जगदीप धनखड़ ने चित्तौड़गढ़ में अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट समाज महा सभा संस्थान के मातृकुंडिया धाम में महादेव के नवीन मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लिया और आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया।

- **चित्तौड़गढ़ के प्रसिद्ध धाम मातृकुंडिया में अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट समाज ने इस मंदिर का निर्माण करवाया है।**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसान अन्नदाता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने समारोह में बड़ी संख्या में माता और बहनों की उपस्थिति देखकर कहा कि समाज सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, माताओं और बहनों को आगे लाकर स्वावलंबी बनाना होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश किसान दिवस की रजत जयंती मना रहा है, किसान अन्नदाता है और वह देश के विकास की पूंजी है। उन्होंने किसानों के विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी रखने एवं उनका लाभ उठाने की बात भी कहीं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हाल ही में वे महाकुंभ में डुबकी लगाकर आए हैं ऐसा ही अनुभव उन्हें मेवाड़ के हरिद्वार, मातृकुंडिया में आकर हो रहा है। करीब 25 वर्ष पहले वह इस धरा पर आए थे और समाज के प्रयास से उन्हें सामाजिक न्याय मिला।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मेवाड़ जाट समाज के अध्यक्ष माधव लाल जाट ने मला पहनाकर एवं हल भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद सीपी जोशी, कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं आमजन उपस्थित थे।

## चित्रकूट के श्रद्धालुओं की बस पलटी, 20 घायल

चित्रकूट, 9 फरवरी। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद के थाना रैपुरा अंतर्गत प्रयागराज से चित्रकूट आ रही श्रद्धालुओं से भरी प्राइवेट बस का टायर फटने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें 20 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

- **झारखंड के रहने वाले श्रद्धालुओं की प्राइवेट बस टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई।**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बस में सवार सभी 70 श्रद्धालु झारखंड के रहने वाले हैं और प्रयागराज में स्नान कर चित्रकूट दर्शन करने के लिए आ रहे थे।

फिलहाल स्थानीय लोगों की मदद से ग्राम प्रधान द्वारा सभी को तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है उनके खाने-पीने की व्यवस्था स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही है।

# ‘भाजपा व आरएसएस लोगों को धार्मिक आधार पर बांट रही है’

## डीएमके व गठबंधन के 11 दलों ने संयुक्त बयान में धर्मनिरपेक्षता व एकता कायम रखने का संकल्प लिया

चेन्नई, 09 फरवरी। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन सैक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस (एस.पी.ए.) के नेताओं ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद और अन्य दक्षिणपंथी संगठनों पर लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने का आरोप लगाया और धर्मनिरपेक्षता और लोगों की एकता को कायम रखने का संकल्प लिया। उन्होंने द्रमुक महासचिव और जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन और एसपीए के 11 अन्य गठबंधन दलों द्वारा हस्ताक्षिरत एक संयुक्त बयान में कहा कि तमिलनाडु भारत के बहुलवाद और धार्मिक सद्भाव के सर्वोत्तम उदाहरणों में से एक है।

- **उन्होंने कहा कि भगवान मुरुरई के छः निवासों पर सभी धर्मों के लोग पूजा करते हैं।**
- **तमिलनाडु के सत्तारूढ़ धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन ने आरोप लगाया कि बाबरी मस्जिद व अजमेर दरगाह के रूप में विभाजनकारी राजनीति करने वालों का अगला लक्ष्य तमिलनाडु है।**

बयान में कहा गया है कि इसका प्रमाण यह है कि राज्य में सभी धर्मों के लोग सभी पूजा स्थलों पर पूजा करते हैं जिनमें भगवान मुरुरई के छह निवासों में से एक पलानी की पहाड़ी पर स्थित पलानींदावर मंदिर, मदुरै मीनाक्षी अम्मन मंदिर, अन्नाई वेलंकन्नी मंदिर, नागोर दरगाह और इरवाडी दरगाह शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में कुछ संगठन लगातार धार्मिक मतभेद पैदा करने और राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को बांटने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों, आरएसएस, विहिप और अन्य दक्षिणपंथी संगठनों के लिए लोगों को धार्मिक आधार पर व्यवस्थित रूप से बांटना और उससे राजनीतिक लाभ प्राप्त करना एक दिनचर्या बन गई है।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भी पिछले अन्नाद्रमुक शासन के दौरान भाजपा के समर्थन से छोटे-छोटे दक्षिणपंथी संगठन उभरने लगे हैं और आगे बढ़ ने लगे हैं। पिछले तीन वर्षों से दबाए गए लोगों ने चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपनी विभाजनकारी राजनीति शुरू कर दी है।

नेताओं ने बयान में जनता से अपील करते हुए आरोप लगाया, वे भाजपा के चुनावी लाभ को भुनाने के लिए तमिलनाडु की एकता को तोड़ने की योजना बना रहे हैं और साजिशें रच रहे हैं।

# थल व वायु सेना प्रमुख ने तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी

नई दिल्ली, 09 फरवरी। रक्षा बलों के बीच संयुक्तता और आत्मनिर्भरता के समर्थन का एक नजारा बेंगलुरू में देखने को मिला। भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को बेंगलुरु के येलहंका वायु सेना स्टेशन में एलसीए तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। ज्ञातव्य है कि आर्मी चीफ और एयर फोर्स चीफ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के साथी हैं।

बेंगलुरु में एयरो इंडिया एयर शो की शुरुआत से एक दिन पहले रविवार को दोनों चीफ ने एलसीए तेजस फाइटर प्लेन में एक साथ उड़ान भरी। रक्षा अधिकारियों के अनुसार यह उड़ान देश के रक्षा बलों द्वारा स्वदेशी और मेड इन इंडिया हथियार प्रणालियों के लिए समर्थन को प्रदर्शित करने के लिए था।

- **बेंगलुरु में एयरो इंडिया एयर शो से पहले दोनों सेना प्रमुखों की उड़ान वाला तेजस मेड इन इंडिया है।**
- **एयर चीफ ए.पी. सिंह तथा आर्मी चीफ उपेन्द्र द्विवेदी ने भारतीय रक्षा अकादमी में साथ प्रशिक्षण लिया था।**

उड़ान के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एलसीए तेजस विमान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने तैयार किया है। यह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की तरफ से विकसित स्वदेशी विमान का ट्रेनर एडिशन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नवंबर 2023 में इसमें उड़ान भरी थी। भारतीय वायु सेना ने पहले ही इनमें से लगभग 40 विमानों को शामिल कर लिया है।

निकट भविष्य में 83 अन्य एलसीए मार्क 1ए को शामिल करने की योजना बना रही है। अमेरिका की इंजन निर्माता कंपनी जीई के सामने सप्लाई सीरीज संबंधी समस्याओं के कारण इन विमानों की डिलीवरी में कुछ महीनों की देरी हुई है। भारतीय वायु सेना 83 विमानों के बाद 97 अन्य विमानों को शामिल करने की योजना बना रही है।

### अविश्वास ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के लोग हमारे बार-बारे विदेश दौरे पर जाने वाले प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा का इंतजार कर रहे हैं, जो अभी फ्रांस और अमेरिका गए हैं और जिन्होंने पिछले 20 महीनों में मणिपुर जाने के लिए की इच्छा नहीं दिखाई।

### सड़क दुर्घटना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

थे। स्नान के बाद लौटते समय यह भीषण हादसा हो गया। हादसे में रामकुमार की पत्नी, उनके साढ़ू-साली और बोलेरो चालक अनिल प्रधान की मौत हो गई। बोलेरो में सवार 3 अन्य लोग सुरक्षित हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस दुर्घटना में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ लोग घायल हो गए।

पुलिस ने घायलों को तुरंत सीएससी बभनी पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख व्यक्त करते हुए ट्वीट किया कि महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं के निधन की खबर से मन व्यथित है।

## श्रीलंका ने 14 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार किये

रामनाथपुरम (तमिलनाडु), 09 फरवरी। श्रीलंकाई नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) का कथित तौर पर उल्लंघन करने और अपने क्षेत्रीय जल में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में रविवार को 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और दो मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाएं जब्त कर लीं।

मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने यहां बताया कि रामेश्वरम, थंगाचिमदम और रामनाथपुरम के पंबन के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने एक विशेष अभियान के दौरान उस समय गिरफ्तार किया, जब वे मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। गिरफ्तार मछुआरों और जब्त नौकाओं को ईरानतिवु द्वीप ले जाया गया और आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए सहायक मत्स्य निदेशालय, किलिनोच्ची को सौंप दिया गया।इसके साथ ही, श्रीलंकाई समुद्री बलों द्वारा इस वर्ष गिरफ्तार किये गये भारतीय मछुआरों की संख्या 89 हो गयी है और 10 भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाएं भी जब्त की गयी हैं।

- **इन मछुआरों पर समुद्री सीमा का उल्लंघन तथा अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप है।**

इस बीच, रामेश्वरम में विभिन्न मछुआरा संघों के नेताओं ने गिरफ्तारियों की कड़ी निंदा की और केंद्र सरकार से अपील की कि वह जेल में बंद मछुआरों तथा उनकी नौकाओं की तत्काल रिहाई के लिए उचित कदम उठाये।

# झांसी में पुलिस ने एक करोड़ रूपये का गांजा पकड़ा

## पुलिस की कार्यवाही में दो गांजा तस्कर भी पकड़े गए, जो आगरा जिले के रहने वाले हैं

झांसी, 09 फरवरी। उत्तर प्रदेश में झांसी की बबीना थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से दो कुंतल दो किलो 660 ग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग एक करोड़ बतायी जा रही है।

- **मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने बबीना टोल प्लाज़ा से पांच किलोमीटर पहले सघन चैकिंग शुरु की। संदिग्ध गाड़ी को रोका गया तथा चैकिंग में अदरख के बीच छुपाकर रखा दो कुंतल दो किलो 660 ग्राम गांजा बरामद हुआ।**

क्षेत्राधिकारी शहर (सीओ सिटी) रामवीर सिंह ने रविवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुधा सिंह तथा बबीना थाना प्रभारी और एएनटीएफ प्रभारी चंदन पाण्डेय की संयुक्त टीम ने एनएच 44 पर बबीना टोल प्लाजा से लगभग पांच किलोमीटर पहले वाहनों की चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान गाड़ी में अदरख के बीच छुपाकर रखा गया दो कुंटल दो किलो 660 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग एक करोड़ है। यह गांजा उड़ीसा ने लाया जा रहा था और तस्कर इसे आगरा में बेचने के लिए ले जा रहे थे।

बबीना थाना पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने दो गांजा तस्करों, सुभाष निवासी ग्राम रोहता थाना सदर बाजार जनपद आगरा और दिनेश शाह, निवासी नगला रामबल कालिंद्री विहार थाना एत्मादौला जनपद आगरा को गिरफ्तार किया है।

### महाकुंभ में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कुम्भ मेले में पहुंचकर अपनी खुशी जाहिर की और केंद्र एवं राज्य सरकार की व्यवस्थाओं की सराहना की। जयाप्रदा ने कहा, “मैं बहुत खुश हूं।”

### राष्ट्रपति ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से अधिक समय तक रहेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति का यह दौरा ने केवल प्रयागराज के लिए ऐतिहासिक होगा, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए भी एक प्रेरणादायी क्षण होगा। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर कर दी गई है।

### लखनऊ में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लगाया है कि घर के अंदर बनाए गए चर्च में धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। हंगामे की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और चर्च में मौजूद लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

क्षेत्र वासियों का आरोप है कि बड़ी संख्या में हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा था। हंगामे की सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची।

यह मामला राजधानी लखनऊ के छोटा भरवारा थाना क्षेत्र का है। लोगों को रेस्क्यू करने के बाद गोमतीनगर एक्सटेंशन की पुलिस जांच में जुटी है।

# लेबनान, सीरिया की गोलीबारी का उचित जवाब देगा

## राष्ट्रपति जोसेफ औन ने उत्तरी व पूर्वी सीमा पर तैनात सैन्य इकाइयों को जवाबी गोलीबारी करने का निर्देश दिया

बेरूत, 09 फरवरी। लेबनानी सेना ने शनिवार को कहा कि उसने सीरियाई सीमा पर तैनात सैनिकों को सीरियाई क्षेत्र से होने वाली गोलीबारी का जवाब देने का आदेश दिया है। सेना ने एक बयान में कहा कि उसने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन के निर्देशों पर कार्रवाई की है, जिसमें उत्तरी और पूर्वी सीमाओं पर सैन्य इकाइयों को सीरियाई क्षेत्र से आने वाली और लेबनानी क्षेत्रों को निशाना बनाने वाली गोलीबारी के स्त्रोतों का जवाब देने का आदेश दिया गया है।

बयान में कहा गया है कि हाल की झड़पों के बाद इकाइयों ने उचित हथियारों के साथ जवाब देना शुरू कर दिया है, जिसमें कई लेबनानी क्षेत्रों में गोलाबारी देखी गई।

- **लेबनान ने सीरिया की सीमा पर नये स्थानों पर सेना तैनात कर दी है। सीमा पर सेना के निगरानी टावर पर सीरिया से तोप के गोले दागे गये, पर केवल भौतिक क्षति हुई।**

लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने सीरियाई सीमा के पास हर्मेल के बाहरी इलाके में नए स्थानों पर सेना की विस्तारित तैनाती की सूचना दी। इसमें कहा गया है कि सेना के निगरानी टावर पर कथित तौर पर सीरिया से आए तोपखाने के गोले से हमला किया गया, जिससे केवल भौतिक क्षति हुई।

हर्मेल जिले में नगर पालिकाओं ने एक बयान जारी कर सीरिया से लेबनानी गांवों पर बार-बार हमलों के बाद नागरिकों की सुरक्षा के लिए लेबनानी राज्य से हस्तक्षेप करने का आ ान किया।

एनएनए ने यह भी बताया कि उत्तरी सीमा क्षेत्र में गोलाबारी में घायल होने के बाद लेबनानी रेड क्रॉस ने आङ्ग लोगों को हर्मेल के अस्पतालों में पहुंचाया था। कहा गया है कि सीरिया से गोलाबारी ने जकियाह, अर्द अल-सबिया, सहलात अल-मा और कानाफ़ेज़ शहरों पर हमला किया, जिससे नागरिक घायल हो गए।

# ‘सांसद इंजीनियर रशीद अस्पताल में भर्ती’

श्रीनगर, 09 फरवरी। कश्मीर के मुख्य मौलवी एवं हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज़ उमर फारूक ने जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद के बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर चिंता जतायी है और केंद्र सरकार से सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करने का आग्रह किया है। मीरवाइज़ फारूक ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा, इंजीनियर रशीद के बिगड़ते स्वास्थ्य की मीडिया रिपोर्टों से चिंतित हूं, जिन्हें अब अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- **हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने कहा कि इंजीनियर रशीद के बिगड़ते स्वास्थ्य की मीडिया रिपोर्टों से वे बहुत चिंतित है।**

उन्होंने कहा, एक बार फिर भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि वह नेताओं, वकीलों, नागरिक समाज के सदस्यों, मीडिया कर्मियों और युवाओं सहित सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करे तथा कम से कम जब तक वे जेल में हैं, तब तक उनके अधिकारों का सम्मान करें और उन्हें कानून के अनुसार बहाल करें। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वह अपने घोषणापत्र में किये गये वादों का सम्मान करे और इन कैदियों की रिहाई तथा राहत के लिए काम करे। मीरवाइज़ ने इस रिपोर्ट पर भी चिंता जतायी है कि तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मनमाने तरीके से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में बंद राजनीतिक कैदियों से फोन कॉल और ई-मुलाकात की सुविधा (वीडियो कॉल) वापस ले ली है, जो बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि जेलों में बंद कई राजनीतिक कैदियों, खासकर बुजुर्गों की स्वास्थ्य स्थिति की रिपोर्ट एक ऐसा मामला है, जो न सिर्फ उनके परिवारों बल्कि सभी लोगों को चिंतित करता है।

# भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने का दावा पेश करेगी

नई दिल्ली, 09 फरवरी। राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव संपन्न हो गया है। शनिवार को दिल्ली चुनाव के नतीजे भी सामने आ गए, जिसमें जनता का आशीर्वाद भाजपा को पूर्ण बहुमत के रूप में मिला है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से भारतीय जनता पार्टी ने 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। अब जीत के बाद भाजपा नेताओं ने उपराज्यपाल से मुलाकात के लिए समय मांगा है। भाजपा के नेता एलजी से मुलाकात कर दिल्ली में सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। ज्ञातव्य है कि 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी हुई है। आम आदमी पार्टी को इस बार हार मिली है। दिल्ली में हारने के बाद आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने आज सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दिल्ली के राज्यपाल को सौंप दिया। आतिशी आज सुबह अपने आवास से निकलीं और राजनिवास जाकर उन्होंने अपना इस्तीफा एलजी को सौंपा। करारी हार के बाद रविवार को अरविंद केजरीवाल के आवास पर पार्टी के विधायकों की एक अहम बैठक हुई। बैठक में पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने नवनिर्वाचित विधायकों से मुलाकात की और उन्हें आगामी कार्यों के लिए दिशा-निर्देश दिए। कालकाजी सीट से विधायक आतिशी ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सभी विधायकों को जनता की सेवा में पूरी तरह से समर्पित होने का निर्देश दिया गया है।

### ‘युवाओं को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पेट भरने का काम भारत का किसान कर रहा है। आज धाकड़ समाज आगे बढ़ ा है, लेकिन मूल रूप से आज भी खेती किसानी से ही जुड़ा है। कार्यक्रम के दौरान भगवान धरणीधर, भारत माता और वंदे मातरम के जयकारों से आसमान गूंजता रहा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी मंच पर आते ही कहा कि भगवान धरणीधर के वंशजों अपनी मुट्ठी बांधकर जोर से जयकारा लगाओ। उन्होंने भगवान गिरीराज धरण का भी जयकारा लगवाया।

कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि धाकड़ समाज को जयपुर में अपनी सामाजिक गतिविधियां करने के लिए कोई स्थान उपलब्ध नहीं है। ऐसे में सरकार की ओर से वहां भूखंड उपलब्ध कराया जाना चाहिए। वहीं कोटा में अपनी शैक्षणिक गतिविधियां करते हुए एक स्थायी प्रकल्प स्थापित करने का बीड़ा उठाना चाहता है। जिसके लिए भी सरकार भूखंड समेत विभिन्न सहयोग प्रदान करें।

# ‘पहली बार अमेरिका से डिपोर्ट किए लोगों के भेजने के तरीके पर ऐतराज दर्ज किया’

भोपाल, 09 फरवरी। अमेरिका से पिछले दिनों वापस भेजे गए भारतीयों के निर्वासन के तरीके पर देश भर में छिड़े विवाद को लेकर केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज कहा कि अमेरिका ने पहले भी ऐसा किया है, लेकिन इस बार इस प्रक्रिया के तरीके को लेकर ऐतराज दर्ज कराया गया है। खट्टर केंद्र सरकार के बजट से जुड़े प्रावधानों की जानकारी देने के लिए भोपाल आए थे। यहां उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बजट से जुड़े लगभग सभी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे।

इसी दौरान देश में अवैध बांग्लादेशियों और उन्हें यहां से निर्वासित किए जाने से जुड़े सवालों पर खट्टर ने कहा कि इस प्रकार अवैध तरीके से किसी भी देश में जाना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने आसाम से बहुत से ऐसे लोगों को वापस भेजा है। इसके लिए कई औपचारिकताएं होती हैं।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान, हरियाणा द्वारा यमुना के पानी में जहर घोलने के आरोपों के संदर्भ में हरियाणा के मुख्यमंत्री रह चुके खट्टर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का स्वभाव रहा है कि वे अपनी बात को कैसे दूसरे के पाले में डाल दें। खट्टर ने कहा कि केजरीवाल ने एक बार पहले कहा था कि वे अगर यमुना को साफ नहीं कर पाएंगे तो 2025 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। 2025 तक वे यमुना को साफ तो कर नहीं पाए, इसलिए यमुना को प्रदूषित करने का आरोप हरियाणा पर लगा दिया। उनकी इस बात से न केवल दिल्ली में रहने वाले हरियाणा के निवासी, बल्कि दिल्लीवासी भी नाराज हो गए।


वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

(नेक A ग्रेड प्राप्त राजकीय विश्वविद्यालय)

प्रवेश प्रारम्भ

1. B.Ed. (NCTE Approved for 500 Seats)
2. M.Sc. (Physics, Chemistry, Zoology, Botany) (Seats as per Study Centers)

- उपरोक्त पाठ्यक्रमों में स्नातक आधारित मेरिट से प्रवेश होंगे।

विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vmou.ac.in से प्राप्त करें।

प्रवेश की अंतिम तिथि : 14 फरवरी, 2025

महिलाओं के लिए निःशुल्क शिक्षा (राज्य सरकार द्वारा पुनर्भरण केवल खुला विश्वविद्यालय में)


**सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-**राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, **जयपुर कार्यालयः** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालयः** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालयः** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908